e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 300

सुविचार
वक्त अगर सही है तो सब अपने है, वरना कोई नहीं!

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
05.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### यूपी, पंजाब और केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

**नई दिल्ली :** यूपी, पंजाब और केरल में उपचुनावों की तारीख बदल गई है। अब ये चुनाव 20 नवंबर को होंगे। पहले ये चुनाव 13 नवंबर को होने वाले थे।विभिन्न उत्सवों के कारण केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है। दरअसल कांग्रेस, भाजपा, बसपा, रालोद और अन्य राष्ट्रीय और राज्य दलों के अनुरोध पर ये फैसला लिया गया है। विभिन्न उत्सवों की वजह से कम मतदान की किसी भी संभावना को खारिज करने के लिए, चुनाव आयोग ने ये फैसला लिया है। ऐसे में ये साफ है कि अब यूपी, पंजाब और केरल में उपचुनाव 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को होंगे।

### सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन मांगे

**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्ति मौजूदा डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी, जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है।वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का ये पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देख-रेख करेगा और दर निर्धारण समिति 'मौद्रिक नीति समिति' का सदस्य भी होगा। उम्मीदवारों की आयु 15 जनवरी, 2025 को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए है तथा व्यक्ति पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

### बस लोहे की रेलिंग से टकराकर पलटी, 12 यात्री की हालत गंभीर

**रायपुर:** बालोद जिले के डौंडीलोहारा नगर में सोमवार को एक निजी यात्री बस के लोहे की रेलिंग से टकराकर पलट जाने से 35 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 12 यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस के कंडक्टर को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र की पुलिस, एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे हैं। यात्रियों की शिनाख्त की जा रही है। बस के कंडक्टर को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### एनटीपीसी और ओएनजीसी ने संयुक्त उद्यम कम्पनी बनाने के लिए मिलाया हाथ

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कम्पनियों नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) और तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड ने संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए हाथ मिलाया है। विद्युत मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दोनों कंपनियां अपनी संबंधित सहायक कंपनियों के माध्यम से एक संयुक्त उद्यम (संयुक्त उद्यम) बनाएंगी। मंत्रालय के मुताबिक महारत्न पीएसयू एनटीपीसी और ओएनजीसी ने नवीकरणीय और नवीन ऊर्जा क्षेत्र में अपनी रुचि को और बढ़ावा देने के लिए अपनी हरित ऊर्जा सहायक कंपनियों के जरिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए सहयोग किया है।

### आंध्र प्रदेश में बैनर लगा रहे चार लोगों की करंट लगने से मौत, सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

**तड़ीपारु :** आंध्र प्रदेश के तदिपर्रू में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक समाज सुधारक की प्रतिमा के पास फ्लेक्सी बैनर बांधते समय चार लोगों को करंट लग गया। वहीं करंट लगने से सभी चारों लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा घटना में कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं सीएम चंद्रबाबू नायडू ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज कराने का निर्देश दिया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

गढ़वा में पहली बार हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा, उमड़ा जन सैलाव

# झारखंड की बहनों को दो गैस सिलेंडर मिलेगा मुफ्त: पीएम मोदी

**झामुमो-कांग्रेस ने किया युवाओं के साथ धोखा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस ने युवाओं के साथ धोखा ही किया है। इन लोगों ने बेरोजगारी भत्ते का वादा किया था। झूठ बोलकर वोट ले गए थे, लेकिन एक रुपया भी नहीं दिया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक ये तो यहां का जैसे उद्योग बन गया। सिपाही भर्ती के दौरान सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवानों की दुखद मृत्यु हो गई। झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद 3 लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के परिवारवाद पर भी निशाना साधा।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनावी सभा को संबोधित करने गढ़वा पहुंचे। गढ़वा के चेतना गांव में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनायेंगे तो राज्य का विकास डबल तेजी से होगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह चुनावी सभा आजादी के बाद गढ़वा में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की सभा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कुछ लोग जो यहां बैठे हैं वो कहते थे हमारी छाती पर झारखंड बनेगा। उनकी छाती पर झारखंड बन गया। लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए। उन्होने कहा कि झारखंड बीजेपी का संकल्प पत्र रोटी, बेटी और माटी के सम्मान और सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। माताओं, बहनों और बेटियों के कल्याण के लिए इसमें अनेक संकल्प लिए गए हैं। गोगो दीदी योजना अंतर्गत हर महीने माताओं बहनों को 2100 रुपए मिलेंगे। मेरी गरीब परिवार की माताओं बहनों को पहले हमने उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दिए। अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपए में सिलेंडर देगी। अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर झारखंड की बहनों को दो मुफ्त सिलेंडर भी मिलने वाले हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की बहनों से ये वादा किया और इसे पूरा भी किया। हेमंत सरकार के वादों और इरादों पर कांग्रेस, आरजेडी ने झूठे वादे किए हैं। इन्होंने 5 साल तक माताओं बहनों के लिए कुछ नहीं किया। जब भाजपा की योजनाएं आई हैं, तो इन्होंने माताओ-बहनों की आंखों में धूल झोंकने के लिए झूठी घोषणाएं की हैं। ये घोषणाएं तो कर सकते हैं, लेकिन भाजपा के पास जो नेक नीयत है, वो कहां से लाओगे।



**परिवारवादी है जेएमएम, राजद और कांग्रेस :** पीएम ने कहा कि जेएमएम, राजद और कांग्रेस तीनों ही पार्टियां घोर परिवारवादी हैं। ये चाहती हैं कि सत्ता की चाबी हमारे परिवार के हाथ में ही रहे। अगर कोई अपनी काबिलियत से बढ़ भी गया तो उसके साथ ये कैसा बर्ताव करते हैं ये हमने चंपई सोरेन के बारे में देख लिया। एक आदिवासी के बेटे के साथ इन्होंने क्या किया हम सब ने देखा है। जब मैं आपसे कहता हूं कि मेरा परिवार हो न हो, आप सब मेरा परिवार हैं, तो आपको सच लगता है कि नहीं। क्या आपके लिए सोचता हूं, आपके लिए जीता हूं कि नहीं। मेरे लिए देश के 140 करोड़ लोग मेरा परिवार हैं। उनके लिए उनका परिवार ही सबकुछ है।

**झारखंड में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई**

उन्होंने कहा झारखंड में 5 साल में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई हैं। मंत्री हो, विधायक हो, सांसद हो ऐसा कोई नहीं जिन पर भ्रष्टाचार का मामला न हो। जेएमएम के मंत्री के घर से नोटों का पहाड़ निकलता है। इतना पैसा कि अफसर गिनते-गिनते थक गए। यहां के एक और मंत्री हैं, इन्होंने तो आपके हक के पानी के नल तक को नहीं छोड़ा। केंद्र सरकार ने दिल्ली से हजारों करोड़ रुपए पहुंचाए, लेकिन यहां की सरकारों ने अपनी तिजोरी में भर लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी अन्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित**

मौके पर भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही, हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह, विश्रामपुर के विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी, गढ़वा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता, सांसद बीडी राम, भाजपा नेत्री व मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, सूरज गुप्ता, रघुराज पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पहुंचे भंडरिया, केएन त्रिपाठी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

# त्रिपाठी को जिताएं, बहेगी विकास की गंगा : हेमंत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गढ़वा के भंडरिया में सीएम हेमंत सोरेन डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से इंडिया ब्लॉक सह कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की चुनावी जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पांच वर्ष विपक्ष ने उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की और उस के लिये साजिश भी रची. आज हमारा कार्यकाल खत्म होने से एक महीने पहले ही विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं. उनके कल्याणकारी योजनाओं से लोग डर गए और चुनाव के लिये तिथि भी आ गयी और अब चुनाव हो भी रहे हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज मइया योजना से लोगों को लाभ मिल रहा है. दिसंबर से मइया योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये मिलना भी शुरू हो जाएंगे. सीएम हेमंत सोरेन करीब 30 मिनट तक जनसभा में रहे और भाषण के दौरान कई विशेष बिन्दुओं पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि आज हर बुजुर्ग महिला व पुरुष को पेंशन मिल रहा है. कोरोना काल मे भी राज्य सरकार ने गरीबो की मदद की थी. आज सरकार गांव गांव जा कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है. मुख्यमंत्री

**आज हमारा कार्यकाल खत्म होने से एक महीने पहले ही विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं. उनके कल्याणकारी योजनाओं से लोग डर गए और चुनाव के लिये तिथि भी आ गयी और अब चुनाव हो भी रहे हैं.**

हेमंत सोरेन ने कहा कि डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र से अगर केंद्र त्रिपाठी की जीत होती है तो इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ आपस में लड़ाने का काम करती है। भारतीय जनता पार्टी हिंदू-मुस्लिम करके लोगों के बीच खाई पैदा करती है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यह विधानसभा क्षेत्र काफी पीछे चला गया है. इलाके के लोग अभी नहीं जानते कि विधायक कौन है. उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को दूर करना उनकी प्राथमिकता है. अगर वह जीत जाएंगे तो यहां का विकास जरूर करेंगे।



# चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सूर्योपासना का महापर्व छठ मंगलवार से मनाया जाएगा। सोमवार को इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बिहार, उत्तराखंड, झारखंड सहित अन्य राज्यों के निवासी छठ धूमधाम से मनाते हैं। मंगलवार को नहाय खाय से पर्व की शुरुआत होगी। इसके बाद खरना व्रत होगा। व्रती खरना की पूजा करेंगे। इसमें छठ करने वाले श्रद्धालु पूरे दिन निर्जला उपवास करके सायंकाल में भगवान भास्कर की पूजा कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद पाने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान का संकल्प लेंगे। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। छठ पर्व के चौथे एवं अंतिम दिन सुबह उगते सूर्य को व्रती घाटों या कृत्रिम घाट से उदीयमान सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देकर महाव्रत का समापन करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला उपवास भी पूर्ण होगा। नहाय खाय के दिन व्रत करने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं। इसके बाद व्रती महिलाएं भात, चना दाल और लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं। छठ पूजा के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस बार खरना छह नवंबर यानी बुधवार को है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को खरना का प्रसाद बनाया जाता है। इस दिन माताएं दिनभर व्रत रखती हैं और पूजा के बाद खरना का प्रसाद खाकर 36 घंटे के निर्जला व्रत का आरंभ करती है। इस दिन मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी से आग जलाकर प्रसाद बनया जाता है।

# उत्तराखंड : खाई में गिरी बस, 36 यात्रियों की मौत

**बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।**



एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। मार्चुला के पास एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम मौके पर है। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसएसपी अल्मोड़ा मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची हैं। हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।पीएमओ ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा की।

**पीएम मोदी ने बस हादसे पर शोक-संवेदना प्रकट की**

पीएम नरेंद्र मोदी ने अल्मोड़ा सड़क हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है।

# मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान : के रवि

*** सभी संस्थान अपने कर्मियों के मताधिकार के इस्तेमाल की दें सुविधा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित भी करें। ताकि, ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।ज्ञात हो कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे।



# नक्सलियों ने पुलिसकर्मियों पर किया हमला, हथियार लेकर भागे

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस और सुरक्षाबलों को लगातार कामयाबी मिल रही है। इस बीच नक्सलियों का आतंक भी सामने आता रहा है। ताजा मामला नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का है। यहां एक साप्ताहिक बाजार में रविवार सुबह सादे कपड़ों में आए नक्सलियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दो पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। घटना की जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद नक्सली दोनों पुलिसकर्मियों की सरकारी राइफल भी छीन ले गए। उन्होंने बताया कि घटना उस वक्त की है जब पुलिसकर्मी जगरगुंडा गांव के बाजार में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि नक्सलियों की एक एक्शन टीम, जिसमें आमतौर पर चार-पांच कैडर होते हैं, ने अचानक कांस्टेबल करतम देवा और सोढ़ी कन्ना पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और फिर उनकी राइफलें एके-47 और एक एसएलआर लूटकर भाग गए।

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया विभिन्न कोषांगों की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को पांचो विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारियों, विभिन्न कोषांगों व उनके प्रभारी पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी।इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत हुए। इसमें मुख्य रूप से ईवीएम/वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी सेल,निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र, मीडिया कोषांग आदि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दिनांक 3 नवंबर को होम वोटिंग व सुविधा केंद्र पर कितना मतदान हुआ से संबंधित पूरी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने पांचो विधानसभा में वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की भी जानकारी ली। बैठक में उन्होंने सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में छोटी लापरवाही को भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दिशा में आवश्यक हो जाता है कि पूरे चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन हो। बैठक में उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी का तामिला, स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को असिस्ट करने को लेकर जो वॉलिंटर्स रहेंगे उनको प्रशिक्षित करने पर बल दिया। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हुसैनाबाद से भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में हजारों लोग हुये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सोमवार को गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भाग लेने हुसैनाबाद से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा से लौटने के बाद हुसैनाबाद में भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने जागरण को बताया कि नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में राज्य हित में कई बातें कहीं। उन्होंने उत्तर कोयल मुख्य नहर के साथ साथ पीएम नलजल योजना, गरीबों के पीएम आवास योजना आदि की भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सभा में शामिल होकर काफी सुकून मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी और अनुसंशित पार्टी है, यह मासूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व ने हुसैनाबाद भाजपा की जीन निश्चित है। साथ ही राज्य में डबल इंजन की सरकार भी बनना तय है। श्री सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के साथ साथ राज्य भी प्रगति के पथ पर तेजी से विकास करेगा। मालूम हो कि हुसैनाबाद से सैकड़ों की संख्या में बस व छोटे वाहनों से कार्यकर्ता व ग्रामीण गढ़वा गए थे। सभी ने हुसैनाबाद से भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया है।

## वरीय अधिवक्ता चंद्रेश्वर के निधन पर जताया शोक



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को दोपहर 12 बजे हुसैनाबाद के वरीय अधिवक्ता 85 वर्षीय चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू का रांची के हिल व्यू हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे विगत 15 दिनों से कई बीमारियों से पीड़ित होने के कारण आईसीयू में भर्ती थे। सन 1939 में जन्मे चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू के आकस्मिक निधन से हुसैनाबाद में शोक की लहर व्याप्त है। उनका दाह-संस्कार 05 नवंबर 2024, दिन मंगलवार को सोन नदी के तट पर किया जाएगा। इसकी जानकारी उनके पुत्र आलोक कुमार ने दी, वहीं चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू के निधन पर पलामू ज़िप उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वरीय अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू हुसैनाबाद के आन-बान-शान थे एवं एक गार्जियन के तौर सदा सभी का उचित मार्गदर्शन किया करते थे। उनके मार्गदर्शन में मैंने भी काफ़ी कुछ सीखा एवं समझा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

## मालगाड़ी से रन ओवर में उप मुखिया की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के बेंदी पंचायत के उप मुखिया बंधु उरांव की मालगाड़ी से रन ओवर में मौत हो गई। उक्त घटना सोमवार अहले सुबह की है। बताया जाता है कि बंधु उरांव का शव अहले सुबह लातेहार के बेंदी रेलवे स्टेशन के बीच लूगफीची गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर पाया गया। डाउन लाइन में हुई घटना की सूचना मालगाड़ी के चालक के द्वारा लातेहार रेलवे स्टेशन प्रबंध को दिया गया। पुलिस रेलवे ट्रैक से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

## वरीय अधिवक्ता चंद्रेश्वर के निधन पर ज़िप उपाध्यक्ष आलोक ने जताया शोक

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 04 नवंबर 2024, दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे हुसैनाबाद के वरीय अधिवक्ता 85 वर्षीय चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू का रांची के हिल व्यू हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे विगत 15 दिनों से कई बीमारियों से पीड़ित होने के कारण आईसीयू में भर्ती थे। सन 1939 में जन्मे चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू के आकस्मिक निधन से हुसैनाबाद में शोक की लहर व्याप्त है। उनका दाह-संस्कार 05 नवंबर 2024, दिन मंगलवार को सोन नदी के तट पर किया जाएगा। इसकी जानकारी उनके पुत्र आलोक कुमार ने दी, वहीं चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू के निधन पर पलामू ज़िप उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ़ टुटू सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वरीय अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू हुसैनाबाद के आन-बान-शान थे एवं एक गार्जियन के तौर सदा सभी का उचित मार्गदर्शन किया करते थे। उनके मार्गदर्शन में मैंने भी काफ़ी कुछ सीखा एवं समझा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। दूसरी ओर, वरीय अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू के आकस्मिक निधन पर हुसैनाबाद की साहित्यिक संस्था मौसम ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए संस्था मौसम के अध्यक्ष सह मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के संपादक विनोद सागर ने बताया कि चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ़ ललिता बाबू साहित्यिक संस्था मौसम विधि सलाहकार के साथ-साथ मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के भी विधि सलाहकार थे, उनका आकस्मिक इस दुनिया से जाना, सामाजिक एवं साहित्यिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में जगह प्रदान करें।

## राधा कृष्ण किशोर के समर्थन में उमड़ रहा जन सैलाब

### रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे किशोर : राकेश दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुनु राम अपने समर्थकों का जन सैलाब देखकर बाग-बाग हैं। इस विधानसभा क्षेत्र की जनता का झुकाव पूरी तरह से इस बार श्री किशोर के साथ है। श्री किशोर चुनावी कंपेन में जहां भी जा रहे हैं, उनके साथ सैकड़ों की संख्या में यूथ ब्रिगेड और उनके हजारों समर्थकों की फौज चल रहा है। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के नौडीहा बाजार, छतरपुर, पड़वा और पाटन में राधा कृष्ण किशोर के समर्थन में जन सैलाब उमड़ पड़ा है। श्री किशोर हर रोज अपना जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वह जिस गांव में जा रहे हैं, वहां के लोग उनकी झलक पाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। छतरपुर विधानसभा के पाटन क्षेत्र में किशोर का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। इस जनाधार को बढ़ाने में सिरमा पंचायत के मुखिया राकेश दुबे का अहम योगदान है। राकेश दुबे भी अपने स्तर से सिरमा, जयमारण पथरा, निमिया, सुठा, खाम्ही, राजहरा, आरेदाना, अंगरा, पंकरी, किशनपुर, चेतमा, इमली, जनघासी, करर, सहित कई गांवों का दौरा कर रहे हैं। वे आम जनता को राधा कृष्ण किशोर की पार्टी कांग्रेस में वोट करने की कवायत में लगे हुए हैं। इस क्षेत्र में राकेश दुबे अपनी पूरी ताकत झोंके हुए हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में किशोर का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। मुखिया राकेश दुबे ने बताया कि पाटन क्षेत्र में राधा कृष्ण किशोर नंबर वन पर रहेंगे। इस क्षेत्र में दूसरा प्रत्याशी का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने आम जनता से कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह पंजा छाप पर मोहर लगाकर राधा कृष्ण किशोर को अपार मतों से विजई बनाने की अपील की।

## गढ़वा से जेएमएम की जीत तय : मंत्री मिथिलेश

### शहरी क्षेत्र के 200 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झामुमो के प्रति गढ़वा वासियों का बढ़ता उत्साह यह बता रहा है विधानसभा चुनाव का परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। इस बार गढ़वा के लोग उन्हें रिकार्डतोड़ मतों से जीत दिलायेंगे। मंत्री श्री ठाकुर अपने आवास पर झामुमो में शामिल होने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। सोमवार को गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि उमेश मेहता एवं वार्ड 18 के पार्षद मनोज कुमार ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हुए। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को अपार मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप सभी लोगों का माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में अभिनंदन एवं स्वागत है। हम अब मिलकर बेहतर गढ़वा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होने कहा कि गढ़वा में हुए बेहतर विकास कार्या से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। वे जनता को विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। गढ़वा निरंतर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गढ़वा में सड़क दुर्घटनाः मंत्री ने घायलों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल, इलाज के निर्देश दिए

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर नगर मार्ग पर नेनुआ मोड़ के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें टेंपो की टक्कर से टेंपो चालक और एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान उसी मार्ग से गुजर रहे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया।हादसे में घायल व्यक्तियों की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के मेराल पुरवारी टोला निवासी स्वर्गीय सरजू माली के पुत्र सुनील माली और गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजीय मस्जिद टोला गांव की रहने वाली विजय पासवान की पत्नी सरिता देवी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सुनील माली टेंपो चालक हैं और वे सोमवार को अपने कार्य के सिलसिले में गढ़वा आए थे। वापस लौटते समय उन्होंने सरिता देवी को भी मेराल की ओर जाने के लिए टेंपो में सवारी दी थी।नेनुआ मोड़ के पास एक खड़े ट्रक से टेंपो की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे सुनील माली और सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना दी। संयोगवश, उसी समय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने हादसे को देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और तत्काल घायलों की मदद के लिए आगे आए। मंत्री ने दोनों घायलों को अपनी गाड़ी में बिठाकर उन्हें फौरन गढ़वा के सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया गया।मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को घायलों के इलाज के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि किसी भी तरह की चिकित्सा सेवा में कमी न आए। मंत्री के इस त्वरित और संवेदनशील हस्तक्षेप की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की और उनके मानवीय भाव को सराहा।इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने मंत्री की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इस तरह की मानवीय सहायता दुर्लभ है। मंत्री के इस प्रयास से घायलों को समय पर इलाज मिलने में सहायता मिली, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी।

## ब्रह्मदेव प्रसाद की पार्टी में शामिल हुए भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर विस क्षेत्र में नेताओं कार्यक्रताओं के दल बदलने का सिलसिला जारी है. सोमवार को कई भाजपा कार्यकर्ता ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हो गए. मंच के बिश्रामपुर स्थित कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में केंद्रीय अध्यक्ष सह विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया. ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मंच दिनों दिन मजबूत होते जा रहा है. ओबीसी, दलित व अल्पसंख्यक समाज के लोग अपने अधिकार हेतु लड़ाई लड़ने को तैयार हैं. इस दौरान मंच में शामिल लोगों ने ब्रह्मदेव प्रसाद को चुनाव जीताने का संकल्प लिया. मंच में शामिल होने वालों में अंगद राम, पप्पु विश्वकर्मा, राजेश बैठा, विकास कुमार, सचिन कुमार, चन्दन कुमार, रौशन कुमार, शैलेश कुमार, चंदू कुमार का नाम शामिल है।

## यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष समर्थकों के साथ सपा में हुये शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सह राजद नेता नंददेव यादव अपने समर्थकों के साथ सोमवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए. वरीय सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. नंददेव यादव ने कहा कि सपा प्रत्यासी अंजू सिंह मेरी बहु की तरह है. जिसे हम सबों ने जीत का आशीर्वाद भी दे दिया है. अभिमन्यु सिंह ने कहा कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र में सपा का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है. यहां से सपा प्रत्यासी अंजू सिंह की जीत लगभग तय हो चुकी है. बाकी प्रत्यासी नंबर दो की लड़ाई के लिए जोर लगा रहे हैं.सपा में शामिल होने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता संपूर्णानंद सिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

## पांकी विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी बिट्टू सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** व्यक्तित्व व्यवहार के कारण लोग जुड़ रहे हैं बिट्टू सिंह जी से अभी विधानसभा का चुनाव का दौर चल रहा है। एक से एक प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र में उतरे हैं। सभी प्रत्याशि लोक लुभावन बातें जनता के बीच कर रहे हैं। इसी कड़ी में पांकी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह जी चुनावी मैदान में उतरे हैं। जिनका चुनाव चिन्ह ट्रक छाप है क्रमांक संख्या 6 पर अंकित है। पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता युवा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को अपना विधायक बनाने का मन बना चुके हैं। इस बार भी पांकी विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बिट्टू सिंह के साथ जनसंपर्क उमड़ रहा है। देवेंद्र कुमार सिंह और बिट्टू सिंह ने कहा कि यहां के जन प्रतिनिधि ने पिछले 5 वर्ष में कोई भी काम नहीं किया है। इतने दिनों में क्षेत्र का कोई भी विकास नहीं हुआ है।

## सिलाई मशीन छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनाये : दिलीप सिंह नामधारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह, बरवाही, माधोखाड़, काचन, सरहुआ, उलडंडा, बाघी, रामगढ़, ठेकही टोला, चोरहट इत्यादि दर्जनों गांवों का निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने तूफानी दौरा किया। जनता से मिल रहे अपार स्नेह और प्यार से दिलीप जी भावुक हो गए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि आज के दिन बिना पैसे के किसी भी सरकारी विभाग में कोई काम नहीं हो रहा है। दिलीप जी ने यह भी कहा कि 15 वर्षों तक जो भी विधायक रहे उन्होंने सिर्फ जनता को ठगने का ही काम किया है। गांव की सड़कों की स्थिति इतनी जर्जर क्यों है जो पैसा विधायक कोटा का आया आखिर वह कहां गया। वर्तमान विधायक इसका जवाद दें। दिलीप जी ने ग्रामीणों से कहा अपने क्षेत्र के विकास के लिए और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाएं। उन्होंने कहा कि 15 वर्षो तक डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र का कोई भी विकास नहीं हुआ है। यहां बेरोजगारी सर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य सेवाओं का घोर अभाव है। यहां के किसान सिंचाई के बिना हताश और निराशा है। श्री दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि अगर यहां की जनता उन्हें साथ देती है तो डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेंगे। साथ ही किसानों के लिए सिंचाई क्षमता विकसित कर उन्हें खुशहाल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज तीनों जिला का प्रमंडललिए मुख्यालय है। इसलिए इस शहर को ऐसा बनाएंगे कि लोग देखते ही रह जाएंगे।

## यहां की जनता ही जागृति दुबे का सिंबल है : विकास दुबे

# डीजल पंप छाप पर वोट देकर जागृति दुबे को जिताये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे के पक्ष में विकास दुबे लगातार आम जनता के बीच बने हुए हैं। इस विधानसभा क्षेत्र की जनता विकास दुबे को अपना समर्थन देने का पूरा ऐलान कर रही है। गुरुवार को हजारों की संख्या में आम जनता विकास दुबे के आवास पर पहुंची। आम जनों को संबोधित करते हुए विकास दुबे ने कहा कि यहां की जनता ही मेरा सिंबल है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी जात,वर्ग और धर्म के लोगों का उन्हें प्रतिनिधित्व करना है। साथ ही पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का वे तत्काल समाधान करेंगे। दूसरे के दर्द को अपना अपना दर्द समझना ही सच्ची मानवता है। विकास दुबे ने कहा कि आज भी गरीबी और भुखमरी विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चरम पर है। इसे निपटारा करना उनके लिए किसी चुनौती से काम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिश्रामपुर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का है. दो लोगों के चालीस वर्षों के कुशासन से मुक्ति का है. अगर इस अवसर को लोगों ने छोड़ दिया तो विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का भविष्य और भी अंधकारमय हो जायेगा. उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को यहां के जनप्रतिनिधियों ने जमकर लूटा। इनलोगों ने क्षेत्र की जनता को 40 वर्षों तक बदहाली की स्थिति में छोड़ दिया। इतने वर्षों तक इस क्षेत्र में विकास के काम हुए ही नहीं। विकास दुबे ने कहा कि अगर विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से जागृति दुबे की जीत होती है तो इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी जाएगी। हर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। विकास दुबे ने कहा कि किसानों की बदहाली वे दूर करके ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गरीबी और बेरोजगारी भी चरम पर है। गरीबी और बेरोजगारी दूर करने के लिए विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में कई उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य की भी बदहाल स्थिति है। इन सभी को भी पूरी तरह से ठीक किया जाएगा। विकास दुबे ने कहा कि चुनाव में बहुत से ऐसे लोग हैं जो जनता को ठगने के लिए आए हैं। इसलिए यहां की जनता को पूरी तरह से सतर्क रहना है और सोच समझकर अपना वोट देना है। एक भी वोट को खराब नहीं करना है। उन्होंने जागृति दुबे का चुनाव चिन्ह डीजल पंप छाप पर वोट देने की अपील की।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भाजपा कार्यकर्ता के घर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया भोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खलारी में जनसभा के बाद भाजपा कार्यकर्ता रामसूरत यादव के घर भोजन ग्रहण किया। अपने काफिले के साथ डॉ. मोहन यादव भाजपा कार्यकर्ता रामसूरत यादव के आवास पहुंचे। आवास पहुंचने पर रामसूरत यादव, प्रताप यादव सहित अन्य भाजपा कार्यतकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होने केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, विधययक समरी लाल, भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतूचरण राम सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ दोपहर का भोजन किया। इस दौरान डॉ. मोहन यादव ने परिजनों से भी मिले। भोजन करने के बाद वे लौट गए।



## नहाय खाय आज, मोहनगर हाट में खूब बिका कद्दू

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेम निष्ठा के महापर्व छठ को लेकर क्षेत्र में तैयारी शुरू हो गयी है। मंगलवार को नहाय खाय है। इस दिन कद्दू भात खाने की मान्यता है। जिसे लेकर खलारी के मोहननगर साप्ताहिक बाजार में कद्दू की बिक्री खूब हुयी। व्रतियों के स्वजन हाट पहुंचकर अपनी जरूरत के अनुसार कद्दू खरीदकर ले गए। छठ पर्व को लेकर ही सब्जियों के दाम बढ़े हुए थे। कद्दू की कीमत उनके आकार के अनुसार प्रति कद्दू 50 रूपए से लेकर 60 रूपए तक बेचे जा रहे थे। वहीं सूप, दउरा सहित अर्घ्य सामग्री की दुकानें सजी थी। पांकी (पलामू) से गुड़ बिकने आया था।



## बेड़ो छठ घाट की हुई सफाई

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तालाब घाट की साफ सफाई नवल किशोर सिंह के देख रेख में किया गया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि छठ महापर्व में छठ व्रतियो को किसी तरह परेशानी न हो इसको लेकर घाट का सफाई, किया जा रहा है। तालाब घाट अगले दो-तीन दिनों के अंदर पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो जाएगा, जहां छठ व्रती स्वच्छ वातावरण में अपने नेम निष्ठा से अनुष्ठान को पूर्ण करेंगे। मुख्यालय के महादानी मंदीर के निच्चे स्थित इस तालाब के किनारे छठ पूजा महोत्सव के दौरान हजारो की संख्या में श्रद्धालु व छठ व्रति भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित करती हैं। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिये रास्ते व तालाब के घाट लाइटिंग, बैरिकेटिंग, बाथरूम की व्यवस्था की जा रही है। वही प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। मौके पर नवल किशोर सिंह के साथ में किशोर साहु,पिंकू लाल खन्ना,सोमरा लोहरा, राजेश गोप मौजूद थे।



## कांटाडीह गांव में बुथ सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को ग्राम सिंगपुर कांटाडीह में गौरी नाथ महतो की अध्यक्षता में बूथ संख्या 101 में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।जिसमें पंचायत प्रभारी धनेश्वर, शिशुपाल, गणेश, गीता, त्रिभुवन, शीला देवी, रमेश, सुनील मधु,करमचंद, गुलाबी देवी,लखीमनी देवी,दशरथ,नकुल, दिलेश्वर,पंचमी देवी, राकेश, केदार नेपाल,सोमवारी,नूरी, निशा,रिचा देवी,अजीत मुंडा,पशुपतिनाथ समेत ग्रामीण उपस्थित थे।



## सोहराई जतरा मेला का हुआ आयोजन

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओबर के अंबाटुंगरी हुड़पू पखना में सोमवार को सोहराई जतरा मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया थे। रामकुमार पाहन ने हुड़पू पखना स्थित भगवान महादेव की पूजा कर मेला का शुभारंभ किया। आसपास के गांव से छउ नृत्य व खोड़हा टीमें नाचते गाते शामिल हुई। आयोजन समिति के द्वारा पाहनों व अतिथियों के साथ साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रामकुमार पाहन ने कहा कि सांस्कृतिक जागरूकता के लिए इस मेला का लगातार आयोजन होता आ रहा है। हमें एकजुट होकर अपने सांस्कृतिक विरासत को बचाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जंगल को बचाना होगा। संचालन दिलीप मिर्धा ने किया। इस अवसर पर भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, पूर्व मुखिया संगीता देवी, शिवशंकर बेदिया, डा. सचीमोहन कुम्हार, पंचम भोगता, गिलू बेदिया, शिबू बेदिया, जयनारायण मुंडा, रामसाय मुंडा, शंकर बेदिया, करमदेव बेदिया, जलेश्वर मुंडा, सुरेश भोगता सहित अन्य उपस्थित थे।



# पिपरवार के बेंती मे सोहराय जतरा महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में सोमवार को सोहराय जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह और बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी उपस्थित थे।अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उदघाटन किया।मेला को संबोधित करते हुए अतिथियो ने कहा कि पर्व त्यौहार और मेला हमारी संस्कृति की पहचान है।आज भी इसे उत्साह के साथ मनाया जाता है।पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रखने का आह्वान किया।इससे पूर्व गांव के पाहन द्वारा सोहराय जतरा खूंटा में विधिवत पूजा किया गया।इस मौके पर पारम्परिक रूप से खोडहा नृत्य प्रस्तुत किया गया।रात्री में नागपुरी आरकेष्ट्रा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मेला में खेल खिलौना, मिठाई,ईख की खूब बिक्री हुई।आस पास के इलाकों से लोगों की काफी भीड़ मेला में पहुंची और खरीदारी की।इस मौके पर स्थानीय बच्चों के द्वारा भी कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर हरीनारायण गंझु,राजेश प्रजापति, रोहन गंझु,आदित्य केसरी, गणेश भुईयां, धनेश्वर गझुं,शंकर गंझू,हेमराज प्रजापति,दुर्गा पासवान, प्रेम ठाकुर,रोहित केसरी, बासुदेव गंझू,अर्जुन गंझू, बीरबल गंझू,पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया,उप मुखिया किरण कुमारी,महेंद्र गंझू, विनोद गंझू,बंधन गंझू, धनराज भोक्ता,सुखी गंझू, सोमर गंझू,करण महतो, बैजनाथ प्रजापति,परमेश्वर गंझू,सीताराम केसरी, प्रभात गंझू,जयराम भुईयां, सेवक गंझू,सिकेन्दर प्रजापति, कृष्ण गंझू,राहुल केशरी, राजेंद्र केशरी, संजय केशरी, अभय केशरी, नितेश प्रजापति,गोलू केशरी, सोनू केशरी,मन्नू केशरी,खजांची प्रजापति,अजय प्रजापति, उमेश प्रजापति सहित आयोजन समिति के लोग मौजूद थे।



# जेएलकेएम प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार ने पिपरवार के तीन पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेएलकेएम प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार राम ने सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायतो का दौरा किया।इस दौरान उन्होने पिपरवार के बहेरा,बेंती और कल्याणपूर पंचायत के विभिन्न गांवों मे जनसंपर्क अभियान चलाया।जानकारी के मुताबिक बेंती पंचायत के जोबिया पहुंचने पर प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।जिसके बाद उन्होंने ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात किया और अपने पक्ष में वोट मांगा।दौरे के क्रम मे उन्होंने कहा कि गरीब आदमी बड़ी मुश्किल से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देते हैं।लेकिन जब नौकरियों के लिये हुई परीक्षा में पेपर लीक व पैसे से नौकरी बिक्री की बात सामने आती है तो सारा सपना टूट जाता है।झारखंड में भ्रष्टाचार सिर चढ़ कर बोल रहा है।इसलिये जब तक टाइगर जयराम महतो की पार्टी को मजबूत नही करेंगे बच्चों का भविष्य अंधकार मय बना रहेगा।उन्होंने कई गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाते हुए अपने पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों के हक और अधिकार के लिए उनका संघर्ष शुरू से जारी रहा है।उन्होंने सभी ग्रामीणों से कैची छाप पर बटन दबाकर टाइगर जयराम महतो को मजबूत बनाने की अपील की।इस मौके पर विजय महतो,बिजली महतो, रोहन गंझु,अमर महतो, रमेश मुंडा,विकास सागर सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



## मनोज चंद्रा के समर्थन में इंडिया गठबंधन के लोगों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने पिपरवार थाना क्षेत्र के तीन पंचायतो के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस,झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।वक्ताओं ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए मनोज चंद्रा को विजयी बनाना है।मनोज चंद्रा शुरू से ही स्थानीय ग्रामीण विस्थापित रैयतो के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं।इस बार विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के जनता का अपार समर्थन मनोज चंद्रा को मिल रहा है और उनके ऐतिहासिक जीत होगी।इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर राज्य सरकार के द्वारा किये गये विकास कार्यो के बारे में भी जानकारी दी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर पुनः झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।इस मौके पर जागेश्वर दास, सलीम जावेद उर्फ पप्पु,राम कुमार,राजेंद्र कुमार,निखत परवीन सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिपरवार के बिजैन गांव मे 10 नवम्बर को होगा छ्ठ देवथान जतरा मेला का आयोजन

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के पुरानी बिजैन गांव में 10 नवंबर को छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा।मेला को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन रंथु गंझु ने किया।बैठक में मेला को सफल बनाने को लेकर इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के पुराने बिजैन गांव में पिछले कई वर्षो से छठ पूजा के बाद छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जाता आ रहा है और इस बार भी इस मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा।मेला मे कई प्रकार के झुला,दुकान और प्रतिष्ठान लगाने सहित संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान सभी लोगों को मेला के सफल संचालन को लेकर अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।वही मेला के सफल आयोजन को लेकर एक समिति का भी गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष कुलदीप राम,उपाध्यक्ष कैलाश राम,सचिव चंद्र गंझु, उपसचिव बाबूलाल राम,कोषाध्यक्ष वकील गंझु,उपकोषाध्यक्ष सुरेंद्र राम,संरक्षक रंथु गंझु,पच्चु गंझु, राहुल राम,झरी राम,दिनेश राम, सोनू गुप्ता,तूफान गंझु,बालेश्वर राम,अनिल मुंडा,अनिल राम,चौठी गंझु को बनाया गया।वही कार्तिक राम,रविंद्र राम,नीरज राम, मनोज राम सहित अन्य लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## काली पूजा के अवसर पर बचरा में भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा काली मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक काली पूजा समिति बचरा के द्वारा काली पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन काली मंदिर के पुजारी के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया।इसके बाद बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।कलाकारों के द्वारा भक्ति गीतों के अलावा कई प्रकार के झांकी भी प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कलाकारों के भक्ति गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त रात भर झूमते रहे। काली पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष काली पूजा के अवसर पर सार्वजनिक काली पूजा समिति के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। भक्ति जागरण कार्यक्रम में बचरा के अलावा आसपास के विभिन्न जगहों के हजारों लोग शामिल हुए।इस मौके पर विनय कुमार सिंह, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, रीना देवी,रविन्द्र कुमार सिंह, भीम प्रसाद मेहता,राजेन्द्र गुप्ता,रवि भारद्वाज,प्रमोद कुमार,अनिल यादव,अनिल सोनी,गणेश महतो, नंदकिशोर कुमार,लक्ष्मण मंडल,हीरालाल शर्मा,सनी प्रसाद,मुकेश कुमार,रविंद्र सिंह यादव,धनेश करमाली, श्रवन उरांव,धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार,मिथिलेश कुमार,सत्येंद्र सिंह,अनिल सिंह,प्रेमचंद मेहता,नागेश्वर राम सहित कई लोग मौजुद थे।

## नेम-निष्ठा का चार दिवसीय महाअनुष्ठान आज नहाय-खाय से होगी शुरू

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि मंगलवार से नेम-निष्ठा का प्रतीक महापर्व छठ पूजा नहाय खाय के साथ चार दिवसीय महाअनुष्ठान की शुभारंभ हो जाएगा। इसे लेकर खलारी कोयलांचल क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है। सामाजिक संगठन, युवा, छठ पूजा समिति कार्यकर्ता सहित अन्य सक्रिय हो गए हैं। वहीं महापर्व छठ का चार दिवसीय महाअनुष्ठान क्रम में 6 नवंबर बुधवार को खरना, सात नवंबर षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और आठ नवंबर सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न होगी। यह व्रत संतान के सुखी जीवन की कामना के लिए किया जाता है। जहां सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है।

## आजसू पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने संभाला मोर्चा, जन संपर्क अभियान को किया तेज



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली विधानसभा में आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुदेश कुमार महतो के चुनावी अभियान में आजसू कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव में जाकर चुल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, युवा क्लब के सदस्यों के साथ बैठक जनसंपर्क तेज कर दिया है। आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो के जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ता लगातार बैठक, एवं जन सम्पर्क कर विधायक के द्वारा किए गए विकास कार्यों का चर्चा कर रहे हैं। साथ ही सुदेश महतो को पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम के तहत सोमवार को बुढ़ाआम जोन के बुद्धिजीवी मंच के लम्बोदर महतो, पंचायत प्रभारी डबलु महली, जगदीश चन्द्र महतो, सुनील गोस्वामी, जिला कमिटी के सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, सुभाष पांडे, भरत महतो, हुकुमनाथ महतो, शिशुपाल महतो, पुस्तम महतो, महिला प्रभारी पुनीता देवी, आरती देवी, मंजू देवी,आदि ने ब्राम्हणी, लोटा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाता। वहीं पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, लक्ष्मी नारायण महतो, जयंत भगत , मुरली धर महतो, तारकेश्वर महतो, चारु बाला देवी, प्रफुल्ल महतो , अलका देवी, महादेव महतो, नोरोत्तम गोरांग, सचचांद महतो , आदि ने कुटकी नवाडी, बासुडीह, बंता, झाबरी, चोकेसेरेंग आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं केंद्रीय नेता जयपाल सिंह, नगर अध्यक्ष भरत देव साय, लूपूंग पंचायत ग्राम प्रभारी मनोज साव, मनोज सिंह, सविता रानी सिंह, ललित महतो, सीमा महतो,आजनी महतो, पोलिका देवी, सिल्ली के सिल्लीडीह एवं लोवापीड़ी गांव में बैठक के जनसंपर्क अभियान चलाया।केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी जीत सुनिश्चित है परन्तु यह अभियान पार्टी के वोट प्रतिशत मजबूत करने और समर्थन बढ़ाने के लिए किया जा रहा है ।अभियान के दौरान, कार्यकर्ता ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। अभियान से पार्टी को ग्रामीणों एवं यूवाओं का अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने आजसू की जीत सुनिश्चित करने के लगातार कार्य कर रहे हैं, कार्यकर्ताओं का प्रयास अवश्य रंग लायेगी और विधायक सुदेश कुमार महतो एक बार फिर भारी बहुमतों से विजयी होंगे।

# हम सबों को मिलकर खिजरी में राम कुमार पाहन को जिताना है : शिव राज सिंह चौहान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भाजपा ग्रामीण रांची जिला द्वारा बाला जी होटल टाटीसिलवे में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण मंत्री सह झारखंड प्रभारी शिव राज सिंह चौहान उपस्थित थे। बैठक को संबंधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सबों को एक साथ मिलकर ईमानदारी के साथ एक एक घर जाकर मतदाताओं को जे एम एम व कांग्रेस की निकम्मी,निरंकुश सरकार की विफलताओं के बारे में बताने के साथ,केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ,जारी संकल्प पत्रों के बारे बताना हैं।रोजी,माटी,बेटी एवं झारखंड की सर्वांगीण विकास हेतु खिजरी के समर्पित प्रत्याशी राम कुमार पाहन को जिताकर श्री नरेंद्र मोदी के विचारों को आगे बढ़ाना है।इस अवसर पर कृषि एवं कल्याण मंत्री भारत सरकार शिव राज सिंह चौहान, भाजपा के वरिष्ठ नेता जैलेंद्र कुमार,राम कुमार पाहन,राकेश कुमार,नरेंद्र कुमार,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,विनय महतो,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,राजन साहू,नरेश साहू,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,अशोक मुंडा, महिला नेत्री, माधुरी देवी,जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, बिना कुमारी, मनेश महतो, रामशाय मुंडा,अमित मिश्रा,राम नाथ महतो,श्री दाम सिंह मुंडा,सोहन मुंडा,शयनाथ महतो,सत्यजीत सिंह, गिरिधर मिश्रा, रणधीर चौधरी, विनोद अग्रवाल, हलधर मिश्रा, राजा राम महतो,के डी शर्मा इत्यादि के साथ के अनगड़ा, नामकुम,टाटीसिलवे, ओरमांझी इत्यादि मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अपनी संस्कृति और देश के स्वाभिमान के लिए दें भाजपा को वोट : डा मोहन यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने रांची जिले के खलारी की जनता से अपील किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी संस्कृति के लिए और देश के स्वाभिमान के लिए वोट दें। वे कांके विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतूचरण राम के पक्ष में खलारी के एसीसी क्लब मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए थे। अपना भाषण आरंभ करते हुए डॉ.मोहन यादव ने कहा कि, 'मैं महाकाल की नगरी से आता हूं और जानकारी मिली है कि यहां भी पहाड़ी बाबा हैं, उन्हें प्रणाम करता हूं।' कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के पीछे कुछ और लोग हैं। केवल सत्ता पकड़ने के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं। कहा कि इस राज्य को ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है, जहां हरे भरे वन और तरह तरह के खनिज की खाने हैं। बांग्लादेशी घुसपैठ की चर्चा करते हुए कहा कि जेएमएम व कांग्रेस की सरकार झारखंड में बांग्लादेशियों को लाकर यहां के लोगों के घर-मकान, दुकान, रोजगार व खेत पर कब्जा दिला रहे हैं। घुसपैठ का यही हाल रहा तो इनलोगों ने जो कश्मीर में किया था वह झारखंड में करेंगे। मोहन यादव ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य बनाया था। तब उन्होंने घोषणा की थी कि झारखंड देश का नम्बर वन राज्य होगा। लेकिन बेईमानों की सरकार आ गई। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बेईमानी और ईमानदारी का चुनाव है। इस राज्य के मुख्यमंत्री जेल की सजा काट कर आ रहे हैं। कहा कि यह रामराज्य की कल्पना करने वाला देश है। यहां देव संस्कृति है। केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ। मुस्लिम माताओं बहनों के हितों की रक्षा के लिए तीन तलाक समाप्त करने के लिए कानून बना। मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में 11वें स्थान से आज भारत 5वें स्थान पर आ गया है। सभा की अध्यक्षता भाजपा के खलारी मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू तथा संचालन अरविन्द सिंह ने किया। सभा को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, प्रत्याशी डॉ.जीतूचरण राम सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। सभा में मुख्य रूप से संजीवविजय वर्गीय, परमा सिंह, शशिभूषण भगत, नसीबलाल महतो, सोमा उरांव, आजसू के नागेशर महतो, प्रीतम साहू, मनोज गुप्ता, फुलेश्वर महतो, आनंद झा, विकासकुमार सिंह, भरत रजक, शैलेन्द्र शर्मा, रामसूरत यादव, जीतेन्द्रनाथ पांडेय, शशिप्रसाद साहू, जिप सदस्य सरस्वती देवी, कार्तिक पांडेय, विकास दुबे, शत्रुंजय सिंह, दिलीप पासवान, कुलदीप लोहरा, श्यामसुन्दर सिंह, सिन्नी समाड, ममता देवी, सरोजिनी देवी, किरण देवी, मो. जफरूद्दीन अंसारी, भरत प्रजापति, राजू सिंह, गणेश यादव, चतुर्गुण भुइयां सहित अन्य कार्यकर्ता सहित हजारो महिला पुरूष उपस्थित थे।



### बेइमान और झुठी हेमंत सरकार को परिवर्तन करने का समय आ गया : संजय सेठ

बेइमान और झुठी हेमंत सरकार को परिवर्तन करने का समय आ गया है। उक्त बातें रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ खलारी एसीसी मैदान में आयोजित चुनावी सभा मे कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ छल किया है। हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले वादा किया था कि 5 लाख नौकरी हर साल नही देगे तो कुर्सी को लात मार देंगे। लेकिन न पांच लाख नौकरी मिली और न ही कुर्सी को लात मारी। वहीं वादा किया था कि बेरोजगारों को 6 हजार रूपया भत्ता नही मिला राजनीति छोड़ देंगे। लेकिन न बेरोजगारों को भत्ता मिला और न ही उन्होने राजनीति छोड़ी। ऐसे कई वादे किए लेकिन वादों को पुरा नही किया इसलिए अब परिवतर्न का समय है। ऐसी सरकार जो की बालू, कोयला, खनिज के साथ-साथ सेना और आदिवासियों की जमीन लुट ली लेकिन इस बेइमान और झुठी सरकार का पेट नही भरा। जब जब झामुमो और कांग्रेस की सरकार आई है इस सरकार ने मुम्बई के बड़े-बड़े कारोबारियों को करोड़ों रूपये में झारखंड से बालू को बेचने का काम किया है। कहा कि इस बार परिवर्तन तय है। वहीं संजय सेठ ने भाजपा के द्वारा जारी संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी योजनाओं को भाजपा ने संकल्प पत्र में दिया है उसे सरकार बनते ही धरातल पर उतारने का काम करेगी। इसके साथ ही उन्होने भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतूचरण राम को अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने की लोगों से अपील की।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# चली पर्यटन की नाव

**पानी** में अपनी आर्थिक हकीकत खोजते हिमाचल ने अंततः इसे मापना शुरू किया है। बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में बाकायदा वाटर टूरिज्म की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कमोबेश हर बांध परियोजना में पर्यटन का पुनर्वास करने का रोडमैप दिखाया है। कल जब इन तमाम झीलों में 'वाटर टूरिज्म' के हर आकर्षण के दस्तावेज मौजूद होंगे, तो हमें मालूम होगा कि पानी की हर बूंद में हमारे पास आर्थिक विरासत है। यूं तो कई दशक पहले पर्यटन की नाव पर बैठकर राजनीति गुजरती रही, लेकिन जमीनी यथार्थ में हम पहाड़ को निचोडक़र बहते पानी पर न अपना हक, न अपनी जरूरत और न ही अपनी आर्थिकी पकड़ सके। नतीजतन हिमाचल से शुरू हुई सार्वजनिक विद्युत उत्पादन कंपनियां अब प्रदेश के बजट से कहीं अधिक अपना वजन रखती हैं, लेकिन हमारे अधिकारों पर आज भी ताले लगे। सौ साल से पंजाब को कमा कर दे रही शानन विद्युत परियोजना अगर अपनी लीज समाप्ति के बाद भी प्रदेश को हस्तांरित नहीं हो रही, तो ऊहल नदी को पाल कर भी हिमाचल की आर्थिकी कहीं अनाथ है। यही पानी समुद्र तटीय राज्यों को अति समृद्ध बना सकता है, तो पहाड़ के पानी पर उपेक्षा का जजीरा क्यों सदियों से अतृप्त खड़ा है। हमें रत्ती भर वाटर सेस मुकम्मल बना सकता है, लेकिन देश बड़ी से बड़ी बंदरगाहों के निर्माण करते हुए यह नहीं सोचता कि यह सारा पानी अंततः निकलता तो पहाड़ की कोख से ही है। बहरहाल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कई प्रयास पानी पर आर्थिक जमीन तलाश कर रहे हैं, दूसरे यह भी कि कल जिन बांधों के कारण जमीन डूब गई और विस्थापन की कड़वी इमारतों ने सारी आर्थिकी लूट ली, उसकी वापसी के लिए विकल्प तराशे जा रहे हैं। जाहिर तौर पर ये बांध अपने भीतर अनेक समुद्र हैं और अगर इनकी हर संभावना को आर्थिकी से जोड़ा जाए, तो पूरा परिदृश्य बदल सकता है। हिमाचल की आर्थिक करवटें पानी में नहाने लगी हैं और इसी को प्रमाणित करते मुख्यमंत्री पानी पर जैट स्की की सवारी करते हुए नजर आते हैं। पूर्व में जयराम सरकार ने तत्तापानी में कुछ प्रयास अवश्य किए थे, लेकिन विस्थापन के खंडहर पर उतरती हर झील पर पर्यटन की किश्ती चलानी होगी, बल्कि जल मार्ग पर पर्यटकों का नया यात्रा वृतांत लिखा जाना चाहिए। बिलासपुर जिला के हरनोड़ा से शिमला के तत्तापानी तक के तीस किलोमीटर जलमार्ग पर अगर यात्राएं आरंभ होती हैं, तो पर्यटन का लहजा बदलेगा। कुछ इसी तरह पौंग बांध के नजदीक पहुंच रहीं परियोजनाएं अगर दम लगाएं, तो श्रीनगर सरीखे शिकारों और मत्स्य के आखेट के कारण अतीत की हलदून घाटी भविष्य की पर्यटन घाटी बन सकती है। पौंग बांध तक पहुंचने के लिए यूं तो कई मार्ग हैं, लेकिन गगल एयरपोर्ट से जोड़ते तियारा-नगरोटा सूरियां मार्ग को एक्सप्रेस बना कर व देहरा गोपीपुर से एंट्री मार्ग प्रशस्त करके इसे पूर्ण डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है। यह दीगर है कि पंजाब की ओर से झील पर एक लंबा पुल बनाने का प्रयास जारी है। जल पर्यटन की अवधारणा में हर बिजली परियोजना को प्रयास करना चाहिए, जबकि लघु परियोजना के साथ सिंचाई बांध तथा नौकाविहार को प्रोत्साहित किया जा सकता है। पर्यटन की नई मंजिलों पर अगर हमारे बांध काम आ जाएं, तो यह सिलसिला विस्थापन की सिसकियों को भी थाम सकता है।

बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में बाकायदा वाटर टूरिज्म की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कमोबेश हर बांध परियोजना में पर्यटन का पुनर्वास करने का रोडमैप दिखाया है। कल जब इन तमाम झीलों में 'वाटर टूरिज्म' के हर आकर्षण के दस्तावेज मौजूद होंगे, तो हमें मालूम होगा कि पानी की हर बूंद में हमारे पास आर्थिक विरासत है। यूं तो कई दशक पहले पर्यटन की नाव पर बैठकर राजनीति गुजरती रही, लेकिन जमीनी यथार्थ में हम पहाड़ को निचोडक़र बहते पानी पर न अपना हक, न अपनी जरूरत और न ही अपनी आर्थिकी पकड़ सके। नतीजतन हिमाचल से शुरू हुई सार्वजनिक विद्युत उत्पादन कंपनियां अब प्रदेश के बजट से कहीं अधिक अपना वजन रखती हैं, लेकिन हमारे अधिकारों पर आज भी ताले लगे। सौ साल से पंजाब को कमा कर दे रही शानन विद्युत परियोजना अगर अपनी लीज समाप्ति के बाद भी प्रदेश को हस्तांरित नहीं हो रही, तो ऊहल नदी को पाल कर भी हिमाचल की आर्थिकी कहीं अनाथ है। यही पानी समुद्र तटीय राज्यों को अति समृद्ध बना सकता है, तो पहाड़ के पानी पर उपेक्षा का जजीरा क्यों सदियों से अतृप्त खड़ा है। हमें रत्ती भर वाटर सेस मुकम्मल बना सकता है, लेकिन देश बड़ी से बड़ी बंदरगाहों के निर्माण करते हुए यह नहीं सोचता कि यह सारा पानी अंतत: निकलता तो पहाड़ की कोख से ही है।

### जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है

# अधिक बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा मौन

योगेंद्र योगी

**आंध्रप्रदेश** के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडू के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिए। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडू द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लडऩे की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढ़कर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की ये संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉर्मूले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉर्मूला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू को हर हाल में आंध्रप्रदेश में अपने वोट बैंक को मजबूत रखना है। मुख्यमंत्री नायडू को इससे फर्क नहीं पड़ता कि भाजपा उनके बारे में क्या सोचती है। नायडू से समर्थन लेने की गरज भाजपा की है, नायडू की नहीं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री नायडू ने आंध्रप्रदेश में जब मुस्लिमों को मिला आरक्षण नहीं हटाए जाने की घोषणा की तब भी भाजपा से बोलते नहीं बन पड़ा। भाजपा को पता है कि नायडू से पंगा लेने का मतलब केंद्र सरकार का गिरना तय है। नायडू की पार्टी के 16 सांसदों का समर्थन केंद्र की भाजपा सरकार को हासिल है। इसलिए नायडू को भाजपा और केंद्र सरकार की परवाह नहीं है। नायडू ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ही राज्य में मुस्लिम समुदाय को चार प्रतिशत आरक्षण देने के अपने रुख को दोहराया दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा। टीडीपी प्रमुख का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तेलंगाना के जहीराबाद में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए उस बयान के कुछ दिनों बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह धर्म के आधार पर दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कोटा मुसलमानों को नहीं दिए जाने देंगे। गौरतलब है कि इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक की ओबीसी सूची में मुस्लिम समुदाय को शामिल किए जाने पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली सिद्धारमैया सरकार के फैसले की निंदा की थी। मध्य प्रदेश की रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार दिया और कहा, एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। इस कदम से ओबीसी समुदाय को आरक्षण के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित कर दिया गया है।



सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है।

दृष्टि कोण

# पिछड़े पाकिस्तान में जहर फैलाता भगोड़ा

**विश्व** के देश आपसी सहयोग से आर्थिक तरक्की कर रहे हैं, वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान कट्टरपन और दकियानूसी सोच के चलते रसातल में जा रहा है। पाकिस्तान को जरूरत है विश्वस्तरीय ऐसे विशेषज्ञों की जोकि विकास के सभी क्षेत्रों में दिशा दे सकें। इसके विपरीत पहले से ही बदहाली के कुएं में गिरे पाकिस्तान को गहरे अंधकूप में धकेलने का काम कर रहा है कथित धर्म प्रचारक जाकिर नाइक। भारत में मोस्ट वांटेड अपराधी जाकिर नाइक लोगों को धर्म के नाम पर बेतुकी और बेबुनियाद जानकारी देकर ज्यादा जाहिल बनाने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान पहले ही बर्बादी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में जाकिर नाइक जैसा अपराधी उसे और धक्का लगा रहा है। विश्व बैंक के मुताबिक पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है। साल 2023 में पाकिस्तान में गरीबी दर 39 प्रतिशत हो गई थी। अर्थात एक साल के अंदर ही गरीबी दर 34.2 प्रतिशत से बढक़र 39.4 प्रतिशत हो गई। इस वजह से 1.25 करोड़ और लोगों को गरीबी रेखा से नीचे आना पड़ा था। इस तरह अब पाकिस्तान में 9.5 करोड़ लोग गरीबी में जी रहे हैं। पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार है। पहले पाकिस्तान पांचवें नंबर पर था। पाकिस्तान जब से आजाद हुआ है, तब से आईएमएफ से मिलने वाला कर्ज यह 23 बार ले चुका है। 31 मार्च 2023 तक पाकिस्तान पर आईएमएफ का 7.4 अरब डॉलर का कर्जा था और पाकिस्तान आईएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार था। नए तीन अरब डॉलर के कर्ज के साथ पाकिस्तान के ऊपर कुल 10.4 अरब डॉलर का कर्जा हो जाएगा। भारतीय करंसी में यह रकम 852.39 लाख करोड़ रुपए होती है। इस हिसाब से पाकिस्तान आईएमएफ का चौथा सबसे बड़ा कर्जदार बन जाएगा। मुल्ले-मौलवियों के इस देश में 5 से 16 साल की उम्र के करीब 2.53 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इनमें से 1.88 करोड़ बच्चे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इन बच्चों में 53 प्रतिशत लड़कियां हैं। देश की इस बदहाली को दूर करने के लिए विश्व से विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के बजाय पाकिस्तान की सरकार ने भारत के भगोड़े जाकिर नाइक को उपदेश देने के लिए देश का मेहमान बना कर बुलाया। कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में वांछित विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में अपनी व्याख्यान श्रृंखला के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच पाकिस्तान में मौजूद है। पाकिस्तान में सरकार के शीर्ष नेताओं ने उसकी अगवानी की, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के युवा कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मशहूद और धार्मिक मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सैयद अता-उर-रहमान शामिल थे। जाकिर नाइक अपने भडक़ाऊ भाषणों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में भारत सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा 2016 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वांछित है। उस पर अपने नफरत भरे भाषण से लोगों को भडक़ाने का भी आरोप है। नाइक पीसटीवी नाम से एक चैनल चलाता है, जिसे उसके विवादास्पद स्वभाव के कारण भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में प्रतिबंधित कर दिया गया है और इसके कारण उसे कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में प्रवेश से भी वंचित कर दिया गया है। पाकिस्तान पहुंचे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस पर अतिरिक्त सामान के लिए शुल्क माफ न करने को लेकर तीखा हमला किया। वह मलेशिया से पाकिस्तान यात्रा कर रहा था और एयरलाइन ने नाइक को केवल 50 प्रतिशत की छूट की पेशकश की। नाइक ने कहा कि उसके अपने देश में ऐसा कभी नहीं होता। उसने भारत की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। इस्लामी उपदेशक की ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं, जहां कई यूजर्स ने जाकिर नाइक को ट्रोल किया और आलोचना की। यह इस्लामी उपदेशक 2016 में भारत से भागा हुआ है, जब बांग्लादेश में हुए आतंकवादी हमलों के बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। एक हमलावर ने कबूल किया था कि वह नाइक के यूट्यूब पर दिए गए उपदेशों से प्रभावित था। तब से नाइक मलेशिया में रह रहा है, जहां वह अपना उपदेश और व्याख्यान देना जारी रखे हुए है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन मलेशिया ने अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केंद्र सरकार ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा है।

कुछ अलग

# जिम्मेदारी का करें अहसास

**पहले** से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक - जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं। साथ ही हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली लाखों मौतों को हम रोक पाने में कामयाब हो सकते हैं।

देश दुनीया से

# धार्मिक तीर्थ से साहसिक गंतव्य बनता तत्तापानी

**सतलुज** नदी के किनारे बसा हिमाचल प्रदेश का तत्तापानी लंबे समय से एक आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में जाना जाता है। अपने प्राकृतिक गर्म सल्फर स्प्रिंग्स के लिए प्रसिद्ध और महर्षि जमदग्नि की पूजा भूमि के रूप में पूजनीय, तत्तापानी ने पीढियों से धार्मिक पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया है। हालांकि, पिछले एक दशक में, तत्तापानी में एक उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। यह आध्यात्मिक गंतव्य अपनी गहरी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों को बनाए रखते हुए साहसिक जल और एयरो स्पोट्र्स, स्पा और कल्याण के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। अपने प्राकृतिक गर्म सल्फर के झरनों के रूप में प्रसिद्ध तत्तापानी सदियों से धार्मिक पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता रहा है। हालांकि, पिछले एक दशक में इस छोटे से गांव ने अद्भुत परिवर्तन देखा है। इस परिवर्तन के पीछे हैं श्री प्रेम रैना, जो एक उत्साही आतिथ्य उद्यमी और दूरदर्शी नेतृत्व में हुआ है। उनके नेतृत्व में तत्तापानी अब वैश्विक स्तर पर एक उच्च गुणवत्ता वाले साहसिक जल और एयरो स्पोट्र्स, स्पा और वेलनेस हब के रूप में उभर रहा है, जबकि अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी बनाए रख रहा है। तत्तापानी का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व बहुत गहरा है। इसके प्राकृतिक झरने जो कि पृथ्वी के गर्भ से निकलते हैं, चिकित्सीय गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं। ये झरने, जो विभिन्न शारीरिक बीमारियों जैसे जोड़ों के दर्द और त्वचा रोगों को ठीक करने में सहायक माने जाते हैं, लंबे समय से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहे हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु इन जल स्रोतों में स्नान करके अपने शरीर और आत्मा की शुद्धि का अनुभव करते हैं। महर्षि जमदग्नि के पूजा स्थल के रूप में प्रसिद्ध, तत्तापानी का धार्मिक महत्व प्रदेश के प्राचीन धार्मिक इतिहास में निहित है। यहां के विभिन्न मंदिर और धार्मिक स्थल तीर्थयात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। विशेष रूप से मकर संक्रांति के दौरान, तत्तापानी में धार्मिक गतिविधियों का महत्व बढ़ जाता है, जब हजारों श्रद्धालु यहां के पवित्र जल में स्नान करने आते हैं। तत्तापानी के विकास की इस अद्भुत यात्रा में प्रेम रैना का योगदान उल्लेखनीय है। एक आतिथ्य क्षेत्र में गहरी समझ और समर्पण के साथ, रैना ने तत्तापानी के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने यह पहचान लिया था कि तत्तापानी की प्राकृतिक संपदा, नदी का विस्तार और शांत वातावरण धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ साहसिक जल और वेलनेस पर्यटन के लिए भी एक आदर्श गंतव्य बन सकता है। उनके नेतृत्व में, तत्तापानी एक बहुआयामी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुआ है, जिसमें धार्मिक, साहसिक और स्वास्थ्य-संवर्धन के अनुभव शामिल हैं। रैना के प्रयासों ने तत्तापानी के पारंपरिक धार्मिक तीर्थ स्थल के स्वरूप को परिवर्तित कर एक वैश्विक एडवेंचर और वेलनेस हब के रूप में स्थान दिलाया है। उनके नेतृत्व में न केवल तत्तापानी में नए पर्यटकों की बाढ़ आई है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी एक नया प्रोत्साहन मिला है, जिससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। तत्तापानी का भौगोलिक स्थान और नदी की उपस्थिति इसे जल-आधारित एडवेंचर खेलों के लिए एक आदर्श स्थल बनाती है। रैना और स्थानीय पर्यटन विकासकर्ताओं ने इस प्राकृतिक संपदा का भरपूर उपयोग करते हुए विभिन्न जल क्रीड़ाओं की गतिविधियों का आयोजन किया है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। तत्तापानी में प्रमुख एडवेंचर गतिविधियों में नदी की तेज धाराएं रोमांचक राफ्टिंग का अनुभव प्रदान करती हैं, और यह गतिविधि साहसी पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गई है। जो पर्यटक थोड़ा अधिक शांत अनुभव चाहते हैं, उनके लिए कयाकिंग और बोटिंग एक आदर्श विकल्प हैं। ये गतिविधियां पर्यटकों को नदी के शांत पानी में रोमांच का अनुभव कराती हैं। आसपास की हरी-भरी पहाडिय़ां और ऊंची चोटियां पैराग्लाइडिंग और पैरासेलिंग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। हवा में उड़ते हुए घाटी का विहंगम दृश्य रोमांच प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है। नदी बेसिन के सलापड़ से लेकर तत्तापानी तक का खिंचाव स्पीड बोटिंग, याचिंग, बॉडी सर्फिंग, और केबल स्कीईंग जैसी जल क्रीड़ाओं के लिए आदर्श है। यहां मोटरबाइक वाटर रेस और वेकबोर्डिंग जैसी नई गतिविधियों की संभावना भी तलाशी जा रही है। इसके अलावा चाबा, सुन्नी और तत्तापानी के बीच का हिस्सा राफ्टिंग के लिए अनुकूल है, जो पर्यटकों को चुनौतीपूर्ण धाराओं और नदी के सुंदर दृश्यों के साथ एक रोमांचक अनुभव प्रदान करता है। एडवेंचर खेलों ने जहां तत्तापानी में रोमांच को बढ़ावा दिया है, वहीं यहां का वेलनेस पर्यटन भी अपनी जड़ों को नहीं भूला है। तत्तापानी के प्राकृतिक गर्म जल के झरने, जो कभी तीर्थयात्रियों को आकर्षित करते थे, अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच स्वास्थ्य और शांति की तलाश में लोकप्रिय हो रहे हैं। इन झरनों के चिकित्सीय गुण, जो शरीर को आराम और रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, तत्तापानी को एक अद्वितीय वेलनेस गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। इसके अलावा, तत्तापानी में अब विभिन्न स्पा उपचार, योग शिविर और आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध हैं, जो पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक वेलनेस तकनीकों के साथ जोड़ते हैं। तत्तापानी का यह संपूर्ण स्वास्थ्य मॉडल इसे उन पर्यटकों के लिए आदर्श गंतव्य बनाता है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति की भी तलाश कर रहे हैं। तत्तापानी का यह परिवर्तन स्थानीय अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। जैसे-जैसे यहां एडवेंचर और वेलनेस पर्यटन का विस्तार हो रहा है, स्थानीय व्यवसाय भी फल-फूल रहे हैं। होटल, रिजॉर्ट, रेस्तरां और छोटे स्तर के सेवा प्रदाता सभी इस पर्यटन की बढ़ती मांग से लाभान्वित हो रहे हैं।

अपने प्राकृतिक गर्म सल्फर स्प्रिंग्स के लिए प्रसिद्ध और महर्षि जमदग्नि की पूजा भूमि के रूप में पूजनीय, तत्तापानी ने पीढिय़ों से धार्मिक पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया है। हालांकि, पिछले एक दशक में, तत्तापानी में एक उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। यह आध्यात्मिक गंतव्य अपनी गहरी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों को बनाए रखते हुए साहसिक जल और एयरो स्पोट्र्स, स्पा और कल्याण के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

आप का नजरीया

# महंगाई से छुटकारे की तलाश

**भाई** जान, ऐसे दिन हम पर गुजऱे हैं कि आपको क्या बताएं। सब ठीक ठाक चल रहा था। देश में काम नहीं चल रहा था, लेकिन रोज़ मीडिया में घोषणा हो जाती कि हमने नई उपलब्धियों के मीनार विजय कर लिए। तय वक्त पर काम हो जाने के वायदों के साथ हर शहर में सुविधा केन्द्रों की इमारतें खड़ी कर दी गई थीं, जहां चुटकी बजाकर आपका काम करवा देने वालों के झुंड खड़े रहते। जी हां, इन्हीं लोगों को मध्यजन कहते हैं। यह वही लोग थे जिनके बारे में किसी पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि अपने देश में आम जनता के कल्याण के लिए एक रुपया खरचे, तो सत्तासी पैसे इनकी जेब में जाते हैं। वक्त बदल गया है और इसका तेवर भी। आज के प्रधानमंत्री फरमाते हैं कि एक रुपया खरचे तो नब्बे पैसे आम आदमी तक पहुंच जाते हैं। बीच के इन लोगों के तावान से आम जन को छुटकारा मिल गया। भ्रष्टाचार की महामारी से लोगों को छुटकारा मिल गया। 'साब की घोषणा ही तो थी, करनी थी कर दी। विश्व का भ्रष्टाचार सूचकांक चिल्लाता रहा, साब क्या बात करते हो। विश्व के सबसे दस महाभ्रष्टाचारी देशों में अब भी आपका स्थान सुरक्षित है और ये मध्यजन अब भी श्रीमन्त बन कर अपनी-अपनी मेज़ कुर्सी इन सुविधा केन्द्रों के प्रांगण में डाल साइकिल से मोटरसाइकिल और मोटरसाइकिल से कार बन रहे हैं। विश्व भ्रष्टाचार तालिका में आपका देश वहीं खड़ा है, आपकी सब कुछ बदल जाने की घोषणाओं के बावजूद। ये घोषणाएं कैसी लुकमान अली की दवाएं होती हैं। देश यथास्थितिवाद का आदी हो गया है और यहां आपको सब कुछ बदल जाने का आभास दिया जाता है। परिवर्तन की राह पर चलते हुए ज़माना कयामत की चाल चल गया और आप फरमा रहे हैं, आह! हमारी यह देव धरा! आओ अपने अतीत का पूजन करें। ऐ दुनिया वालो जिस तरक्की पर तुम इतराते हो, इसका आविष्कार तो हमने हज़ारों-लाखों वर्ष पहले कर लिया था। रामायण और महाभारत युद्ध में चले अग्निबाण आज के एटम बम ही तो थे। रावण का पुष्पक विमान आज के सुपरसॉनिक जैट से तेज़ उड़ता था। धन्वन्तरी की उपचार विद्या का अन्त नहीं है। लेकिन मेरा भारत महान के इन नारों भरे माहौल में महंगाई का भूत पता नहीं कहां से उतर आया। दुनियाभर के देश भी इसके आघात से त्राहिमाम कर रहे हैं, लेकिन यह हमारी पुण्य धरती पर भी उतर आए। दुनिया भर को तो इसकी चपेट में आना था. लेकिन हम तो अपने देश में अच्छे दिनों का इंतजार कर रहे थे। हमें वह दौर याद आ गया जब कुछ साल पहले एक महामारी के भय से पूरा भयाक्रांत देश घरों में बंद हो गया। सडक़ें सूनी हो गईं। गली मोहल्ले इसकी आमद के भय से भयभीत हो गए थे। कल-कारखानों, फैक्टरियों और मिलों के भोंपुओं ने चुप्पी की चादर ओढ़ ली थी। भुखमरी उनके दरवाज़ों पर दस्तक देने लगी थी। बिल्कुल ऐसा ही हाल महंगाई ने लोगों का कर डाला है।

# अमित शाह के कार्यक्रम में प्रत्याशी द्वारा 2-2 सौ रुपए देकर लाया गया था महिला पुरुष

## पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किसी को मिली सौ तो किसी को मिली पचास

- कमल फूल वाला साड़ी पहनने वाली महिलाओं को मिली 2 सौ रुपए
- भाजपा प्रत्याशी उज्वल दास को बड़े लीडर के कार्यक्रम में नहीं मिल रहें हैं समर्थक
- सिमरिया सीनियर भाजपा कार्यकर्ताओं को स्टेज पर नहीं दी गई जगह, नाराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के खादी ग्रामोद्योग मैदान में आयोजित गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में पार्टी प्रत्याशी द्वारा कार्यक्रम में लाने के लिए दो दो सौ रुपए दिए गए थे कार्यकर्ताओं को। जबकि कार्यकर्ताओं द्वारा किसी को पचास तो किसी को एक सौ रुपए देकर कार्यक्रम में भीड़ जुटाया गया था। मामला तब खुला जब कार्यक्रम समाप्त हो गया और कुछ लोगों को बोला गया राशि नहीं मिली। और तो और कुछ महिलाओं को जिसने कमल फूल वाला साड़ी पहने थी उन्हें दो सौ रुपए दी गई थी। वैसे में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में रुपए देकर ज्यादातर भीड़ जुटाई गई थी। रुपए वाली भीड़ श्री शाह को दिखाने के लिए बुलाई गई थी। हालांकि श्री शाह द्वारा चुनावी प्रलोभन तो दी गई परंतु सिमरिया के मतदाताओं को रास नहीं आया। मतदाताओं का कहना है कि अभी विधान सभा का चुनाव है तो एक से बढ़ कर एक चुनावी वायदे देकर हम लोगों को मूर्ख बनाया जा रहा है। जबकि पूर्व के लोक सभा चुनाव में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र दास मोदी द्वारा किए गए वायदे को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। ना नौकरी ना महंगाई ना शिक्षा ना रोजगार ।जब जब चुनाव आता है तब तब जुमलेबाजी का बौछार होने लगता है। जबकि देश के 90 प्रतिशत लोगों को सहारा इंडिया में जमा रुपया अभी तक केंद्र सरकार के कारण डुबा हुआ है ।आज तक सहारा इंडिया का रुपया लोगों को रिलीज नहीं हुआ है और देश को करीब 35 प्रतिशत सहारा इंडिया के कलेक्शन एजेंटों का भविष्य अंधेरे में लटका गया। चुकी उसी से उनका जीना खाना था। ऐसे में बहुत लोगों को तो बेरोजगार कर दिया गया और बहुत लोगों को कंगाल कर दिया गया है। इस तरह जितने भी चुनावी प्रलोभन दिया गया है वो किसी को ना मिला है ना मिलने वाला है। आपको बता दें कि आयोजित कार्यक्रम में सिमरिया के सीनियर भाजपा लीडरों को मंच पर जगह तक नहीं दी गई ।जिसके कारण वैसे लोग काफी नाराज चल रहे हैं । जब पार्टी के सीनियर लीडरों का यह हाल हो सकता है तो आगे क्या हो सकता है। लोग पानी पानी के लिए

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिये किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता (एभीएससी और 40 त्न से अधिक दिव्यांग मतदाताओं (एभीपीडी) को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंच मतदान करने में शारीरिक रूप से असक्षम हैं 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने होम वोटिंग पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया। होम वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों ने बुजूर्गों और दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना था, उनके घर जाकर उत्साहवर्धन किया और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की। साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं के परिवारजनों को भी 13 नवंबर को अपने बूथ पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। 5 नवंबर को भी होगा होम वोटिंग।

## आस्था का महापर्व छठ में खरना का प्रसाद को लेकर वरतीयों ने किया धान चुनने का कार्य



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत छठ पूजा करने वाले सभी श्रद्धालु माताएं अपने-अपने गांव के नजदीक धान खेतों से खरना में बनने वाला प्रसाद के लिए धान चुनने का कार्य सोमवार को किया गया। महिलाओं ने बतलाए कि चार दिनों का छठ पूजा में पहले संजत किया जाता है।यानी नहाए खाए उसके बाद दूसरा दिन नया धान को कुट अरवा चावल निकालकर खीर बनाया जाता है।और प्रसाद मां कात्यानी को भोग लगाया जाता है। और पुनः सभी कोई प्रसाद को ग्रहण करते हैं।उसके बाद तीसरी आने षष्ठी के दिन संध्या डुबते सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया जाता है। और चौथे दिन सुबह उगते सूरज को अर्घ्य दे गंगा पूजा कर पूजा की समाप्ति विसर्जन किया जाता है। धान चुनने का कार्य खरना का प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है। जो अत्यंत शुभ माना गया है। धान चुनते हुए महिलाएं प्रतिमा देवी ममता देवी प्रीति कुमारी गीता देवी नीतू कुमारी डिंपल कुमारी डॉली कुमारी आशा देवी गौरा देवी एवं अनेकों गांव में महिलाओं ने धान चुनने का कार्य किया।

## छठ पूजा होगा आकर्षण का केंद्र, कुल 19 प्रतिमावों की होगी पूजा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत मुख्यालय में भव्य तरीके से छठ पूजा का त्यौहार प्रत्येक वर्ष की भांति 2024 में भी मनाया जाएगा। यह पूजा राजेश कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी में तेजी से कार्य किया जा रहा है। तथा 2024 में छठ पूजा त्यौहार में कुल 19 प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाएगी। साथ ही साथ सेल्फी का भी दृश्य लोगों को देखने के लिए मिलेगा। जो अत्यंत मनभावक होग। गिद्धौर प्रखंड के लोटर डैम में भगवान सूर्य नारायण सात घोड़े पर सवार हो तालाब में तैरते दिखेंगे। जो अत्यंत आकर्षण का केंद्र होगा। ब्लॉक मोड़ से लेकर लोटा दम तक पूरे दुल्हन की तरह साज धाज की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है।

# भाजपा ने मंडल स्तरीय कोर कमेटी का किया गठन

## उज्जवल दास के पक्ष में वोट के लिए करेंगे अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा दिन सोमवार को मंडल में मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में विधानसभा विस्तारक रंजन कुमार पासवान मंडल चुनाव प्रभारी महेंद्र राम उपस्थित हुवे। प्रखंड स्तर पर चुनाव को लेकर चुनाव कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें सभी शक्ति केंद्रों से दो-दो सदस्य चुने गए। इस पत्थलगड़ा मंडल में 10 सदस्ये टीम द्वारा सभी शक्ति केंद्र पर जाकर डोर टू डोर सभी वोटरो से जाकर मिलेंगे और सिमरिया भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास के पक्ष में वोट करने का अपील करेंगे। बैठक में चुनाव संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं भी पर चर्चा की गई। बैठक में हरीश दांगी, सुखसागर राणा, गिरधारी राणा, राधा गोपाल दांगी, जीत नारायण दांगी, निरंजन ठाकुर, दिलीप दास, कुसुम लता कुशवाहा, प्रमिला देवी तारकेश्वर राणा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आगामी विधान की तैयारी को लेकर पर्यवेक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर चुनाव ऑब्जर्वर के द्वारा पत्थलगड्डा थाना अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित बूथ निरीक्षण किया गया। जिसमें नावाडीह- 05 बूथ, नोंगांव - 02 बूथ, सिरकोल - 01 बूथ, खैरा- 02 बूथ, मेराल - 02 बूथ, जोरी - 01 बूथ में सुरक्षा एवं मतदान की तैयारी का जायजा लिया गया तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। साथ में थाना प्रभारी पत्थलगड्डा , प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी पत्थलगड्डा एवं सशस्त्र बल शामिल रहें। आम मतदाताओं से अपील करते हुए बताए की मतदाता बिना किसी भय अथवा प्रलोभन के बढ़ चढ़कर मतदान करें। मतदाताओं की सुरक्षा हेतु सुरक्षा बालों का कड़ी चौक-चौकबंद तैनाती की गई है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के वृद्ध, असमर्थ अथवा विकलांग मतदाताओं को बूथ तक लाने हेतु सुविधा के लिए विशेष वाहन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## महागठबंधन पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ मुख्यालय समीप महागठबंधन पार्टी का कार्यलय का विधिवत उद्घाटन प्रेमलता चंद्रा, संगीता कुशवाहा समेत अन्य ने संयुक्त रूप से सोमवार को पूजा अर्चना कर व फिता काटकर किया। मौके पर राजद प्रखंड़ अध्यक्ष रामदेव यादव, कांग्रेस प्रखंड़ अध्यक्ष महावीर दांगी, राजेश कुशवाहा, प्रमुख पति उमेश यादव, कवींद्र दांगी बैजनाथ दांगी यदुनंदन पांडेय समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# लातेहार में सैकड़ों लोगों ने झामुमो का दामन थामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन और झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी बैधनाथ राम के आवास में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा और लातेहार विधानसभा क्षेत्र से बैधनाथ राम को विजयी बनाने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण के दौरान झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्री राम ने सभी सदस्यों को स्वागत किया व भरोसा दी कि सुख दुख में हमेशा मैं आपके साथ हुं। उन्होंने बताया कि झामुमो झारखंड के विकास और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।उन्होंने कहा कि जनताओं का भरपूर समर्थन मील रहा है मुझे पूर्ण विश्वास है कि लातेहार के जनता तीर धनुष छाप में वोट देकर मुझे पूर्ण बहुमत से विजयी बनाएंगे।

# महागठबंधन सरकार के उपलब्धियों का सिलसिला रहेगा जारी : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह बस स्टैंड के समीप जयसवाल भवन (नीतू मेडिकल) परिसर में कांग्रेस और महागठबंधन का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह,राजद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय चंद्रवंशी, झामुमो अध्यक्ष अफजल अंसारी व नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस मौके पर सैंकड़ों महागठबंधन कार्यकर्ताओं की शिरकत हुई जिसमें कांग्रेस संगठन से रुठे और भटके नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच सालों से गठबंधन की सरकार अपने विपक्षी दलों के टारगेट में भी होकर मजबूती के साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा हमारी गठबंधन की सरकार को तोड़ने की भरपूर कोशिश की गई, गठबंधन के कई बड़े नेताओं को टारगेट कर उन्हें फंसाया गया। उन्होंने गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि पांच वर्ष की अवधि में दो वर्ष कोरोनाकाल की अवधि रही बचे तीन वर्षों में गठबंधन सरकार के द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया और यह उपलब्धियों का सिलसिला जारी रखा जाएगा,जिसमें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सर्व जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, हरा राशन कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराने जैसे दर्जनों योजना बनाकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गो को अन्य योजनाओं के साथ जोड़ा गया। उन्होंने क्षेत्र के मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि बरवाडीह मंडल सड़क निर्माण कार्य का जनवरी माह से उसकी नींव रखी जाएगी साथ ही छिपादोहर नगर को प्रखंड बनाने पर जोर दिया जाएगा अगर हमारी सरकार आती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आनेवाले वक्त में एक एक कार्यकर्ता का मान सम्मान रखा जाएगा, कार्यकर्ता संगठित होकर मजबूती के साथ चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और महागठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह को एक बार फिर झारखंड विधानसभा के सदस्य बनाने में अपना योगदान दें।

## चंदवा में झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा में शहर के बीचो बीच स्थित दुबे जी के गोला में सोमवार को झामुमो के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम,जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, भाकपा नेता प्रमोद साहु ने विधिवत पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि इस बार का विधानसभा चुनाव चुनाव मात्र नहीं है यह झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है। झामुमो प्रत्याशी बैधनाथ राम ने कहा कि इस बार भी राज्य की जनता पुनः राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इसको लेकर जनता के बीच उत्साह है। भाजपा के नेता हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबराई हुई है।इस लिए पूरे देश से भाजपा नेताओं को झारखंड भेजा जा रहा है कई राज्यों के मुख्यमंत्री को यहां लगाया गया है कई कैबिनेट मंत्री यहां कैंप किये हुए हैं लेकिन उन्हें पता नहीं है कि यहां की जनता हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। कार्यक्रम को भाकपा नेता प्रमोद साहु, मो अलाउद्दीन, अनील साहु, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान पूर्व लातेहार नगर पंचायत अध्यक्ष शुशील अग्रवाल, शुभम गिरि ने भी संबोधित किया। मौके पर सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लातेहार नौरंग चौक स्थित भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## राज्य की महिलाएं हेमंत सरकार के झांसे में नहीं आने वाली : पूजा विधानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा चुनाव के समय जैसे जैसे नजदीक आ रहा है राजनीतिक माहौल का पारा लातेहार जिले के दोनों विधानसभा में तेजी से बढ़ रहा हैं। वार प्रतिवार लगातार जारी है। सोमवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा चुनावी कार्यालय का रेलवे स्टेशन के नौरंगचौक के पास उदघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पहुंची छत्तीसगढ के पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पूजा विधानी ने जमकर हेमंत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज जब चुनाव राज्य में होने जा रहा है तो राज्य के हेमंत सरकार महिलाओं को बेवकूफ बनाने का प्रयास कर रही है। पर हमारी महिला बहनें उनके झांसे में नहीं आने वाली है। वह चार साल आठ महिने पहले क्यों नहीं महिलाओं को एक हजार रूपये पेंशन देने का कार्य किया। इनके कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याचार, अपराध में तेजी से वृद्धि हुआ है। अब यह सरकार जाने वाली है और राज्य में एक बार फिर भाजपा की बहुमत की सरकार बनेगी। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने मनिका कांग्रेस के प्रत्याशी के उस बयान पर तीखा हमला बोला है, जिस पर उन्होंने कहा था की असम के सीएम हिमन्त विश्व शर्मा को यहां के इतिहास भूगोल का ज्ञान नही हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार अपने जिलाध्यक्ष को ही अपने साथ नहीं रख पाए तो वह किसे अपने साथ रख पाएंगे। असम के सीएम को पूरे देश का अच्छी तरह से ज्ञान है और इस क्षेत्र के बारे में अच्छे तरीके से जानते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोमल खरवार,राजकुमार लोहरा, अंजू गुप्ता, ललित पाण्डेय, सुकन्या देवी,पूनम देवी, रेनू देवी, हरिओम प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, मनोज प्रसाद, राजकुमार प्रसाद सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल

# मनिका से हरिकृष्ण सिंह को विजयी बनाने को लेकर महिलाओं में हौसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह को विजयी बनाने को लेकर महिलाएं मनिका क्षेत्र के कोने कोने में बुलंद हौसले से प्रचार प्रसार करते दिख रही हैं। मनिका विधानसभा क्षेत्र में हरिकृष्ण सिंह को इस बार खास समर्थन मिल रहा है,खासकर महिलाओं का। उन्होंने महिलाओं के उत्थान और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है, जो उनके लिए चुनाव में एक प्रमुख ताकत बन रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने का वादा किया है, जिससे महिलाओं में उनके प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ा है।हरिकृष्ण सिंह का चुनाव प्रचार अभियान विशेष रूप से महिलाओं को केंद्र में रखकर चलाया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उनके द्वारा महिलाओं के लिए स्वरोजगार की योजनाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। सुरक्षा के मुद्दे पर भी हरिकृष्ण सिंह ने महिलाओं को आश्वासन दिया है। उनके अनुसार, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की बात कही है, महिलाओं का यह समर्थन हरिकृष्ण सिंह के चुनावी अभियान को मजबूत बना रहा है।

## स्टायलन फैशन प्रतिष्ठान का कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया उदघाटन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल मार्ग में स्टायलन फैशन नामक कपड़े की प्रतिष्ठान का शुभारंभ सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार और व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां रामचंद्र सिंह ने कहा कि बेहतरीन क्वालिटी के कपड़ों की मार्केटिंग के लिए बरवाडीह के लोगों को दूसरे शहरों में जाना पड़ता था लेकिन इस प्रतिष्ठान के खुल जाने से सभी तरह के कपड़ों की खरीदारी अब लोग यहां से ही कर सकते है। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठान से स्थानीय ग्राहकों के साथ-साथ रेल कर्मचारियों को भी इसका सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। वहीं शॉप ऑनर अनुज कुमार ने बताया कि हमारे यहां छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक के सभी तरह के कपड़े बेहतरीन क्वालिटी और डिजाइन के कपड़े मार्केट से उचित मूल्य पर उपलब्ध है। बताया कि सभी तरह की फैंसी कपड़े एक ही ब्रांड स्टायलन कंपनी के है, जो हमारा अपना और नया ब्रांड है। यहां ग्राहकों की पसंद और डिमांड को देखते हुए सबसे अलग और हटकर कपड़ों का निर्माण कराया गया है, जो बरवाडीह के ग्राहकों को काफी पसंद आएंगे।

मंजीत यादव के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यादव समाज ने निकाला मौन रैली व किया बैठक

# चुनाव के पहले यदि मामले का उद्भेदन नहीं हुआ और गिरफ्तारी नही हुई, तो होगा वोट बहिष्कार : यादव समाज





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंजीत यादव के हत्याकांड को लेकर यादव समाज का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। सोमवार को यादव समाज के युवाओं ने शहर मे मौन जुलूस निकाला और उसके बाद यादव समाज के जिले भर से आये हुए सभी वर्गो ने मधुवन धर्मशाला में बैठक की। रैली मे शामिल लोग अपने हाथों मे तख्ती व बैनर लिए हुए थे जिसमें मंजीत यादव के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने व फांसी की सजा देने की बातें लिखी हुई थी। साथ ही यदि अपराधियों की गिरफ्तारी नही होती है तो चुनाव बहिष्कार करने की भी बात बैनर मे लिखा हुआ था। इस रैली व बैठक के माध्यम से सभी लोगो ने एक स्वर मे जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की मंजीत यादव के हत्या मे शामिल नामजद आरोपियों के साथ साथ इस जघन्य अपराध में शामिल सभी को गिरफ्तार चुनाव से पहले करने की मांग की। यदि ऐसा नही होता है तो पूरे हजारीबाग का यादव समाज वोट का बहिष्कार करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय यादव समाज के जिला अध्यक्ष उमेश गोप ने कहा की हम सबका कानून पर विश्वास है हम चाहते हैं की कानूनी प्रक्रिया के तहत ही अपराधियों को सजा मिले लेकिन जिस तरह से जिला प्रशासन सुस्त रवैया अपना रहा है उससे समाज क्षुब्ध है। समाज के सभी लोगों का कहना है की यदि चुनाव तक इस हत्याकांड मे शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नही होती है तो हजारीबाग का यादव समाज इस विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होगा। सदर प्रखंड के मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा की हम सब संविधान को मानने वाले लोग हैं हम सब कानून व्यवस्था पर विश्वास रखने वाले लोग हैं कानून अपना काम करे समाज उसमे अपना पुरा सहयोग देगा लेकिन यदि यादव समाज को इंसाफ नही मिलेगा तो हम इंसाफ के लिए हर तरीके के संवैधानिक रुख इख़्तियार करेगा व चरणबद्ध आंदोलन करेगा । वहीं बैठक मे उपस्थित बड़कागांव मुखिया संघ के जिला सचिव वासुदेव यादव ने कहा की ना सिर्फ इस अपराध मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हो बल्कि उन्हें जल्द से जल्द कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए फांसी की सजा भी दी जाय। बैठक मे जिले भर से आये हज़ारों की संख्या मे यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

## आस्था के महापर्व छठ पर्व पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के सहयोग से युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी

- व्रतियों को नहीं होगी कोई परेशानी, छठ घाटों और रास्तों की सफाई सुनिश्चित : राजेंद्र प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने घाटों और रास्तों की साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाया है। उन्होंने अपने निजी कोष से पंचायत क्षेत्र के सभी प्रमुख रास्तों पर मिट्टी-मोरम डालकर सफाई की व्यवस्था कराई है, साथ ही सड़क किनारे जमे कूड़े-कचरे को हटाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। छठ घाटों पर सफाई कार्य को तेज करने के लिए विशेष रूप से जेसीबी और ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया है। इससे कोरियाडीह और अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। राजेंद्र प्रसाद ने घाटों और सड़कों पर जमा कचरे के उठाव का भी विशेष ध्यान रखा है ताकि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके।सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के लिए राजेंद्र प्रसाद स्वयं सुबह-सुबह घाटों का दौरा कर रहे हैं और ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान भी कर रहे हैं। उनके साथ पंचायत के उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुशवाहा सहित अन्य स्थानीय लोग भी सफाई अभियान में सहयोग दे रहे हैं। राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि छठ एक महत्वपूर्ण आस्था का पर्व है, और इसे निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए पंचायत स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन ने किया जनसंपर्क, जनता से मांगा समर्थन

**हर्ष अजमेरा जनहित को सर्वोपरि मानते हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा समाज के विकास में है : प्रीति जैन।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन ने अपने पति के समर्थन में लगातार दूसरे दिन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा और उनसे अपने पति के पक्ष में समर्थन की अपील की। इस जनसंपर्क में प्रीति जैन के साथ महिला समाज की कई महिलाएं शामिल हुई और एकजुट होकर हर्ष अजमेरा की जीत के लिए लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रीति जैन ने शहर के कई क्षेत्रों जैसे कुम्हार टोली, बोरा गोदाम, न्यू कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, पीपल चौक, और दस धरावा का दौरा किया। इन सभी इलाकों में पहुंचकर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनके साथ सीधा संवाद स्थापित किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने नागरिकों से हर्ष अजमेरा के विचारों और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। इस दौरान प्रीति जैन ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें युवाओं को रोजगार,स्वास्थ्य, जैसे विभिन्न समस्या को विषय प्रमुख रूप से रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर्ष अजमेरा इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनके अनुसार, हर्ष अजमेरा का चुनाव में खड़ा होना सिर्फ एक चुनावी अभियान नहीं, बल्कि जनता के प्रति उनकी सेवा भावना का प्रतीक है।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा दूसरी बार छठ व्रतियों को सूप, नारियल एवं पूजन सामग्री का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग ने सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता को बरकरार रखते हुए सोमवार को छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ व्रतियों के लिए सूप,नारियल और पूजन सामग्री का वितरण किया। यह आयोजन संस्था के द्वारा दूसरी बार आयोजित किया गया है। इस पहल के अंतर्गत व्रतियों को एक सूप, एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, माचिस, सुपारी और आरत पत्ता एवं माचिस प्रदान किया गया। ये सभी सामग्री केवल 11 रु के सहयोग राशि के रूप में, शगुन के तौर पर लिया गया। ज्ञात हो कि समाज में ऐसे कई परिवार हैं, जो आर्थिक कारणों से छठ पूजा नहीं कर पाते, परन्तु उनकी छठ मैया के प्रति गहरी श्रद्धा रहती है। इन परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, हजारीबाग यूथ विंग ने इस सेवा का आयोजन किया, ताकि सभी श्रद्धालु अपनी आस्था के इस पर्व में शामिल हो सकें। कार्यक्रम का आरंभ छठ मैया के जयकारों के साथ किया गया, जिसमें संस्था के संरक्षक, अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का मंच संचालन हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम सहसंयोजक रितेश खण्डेलवाल ने किया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम सहसंयोजक जयप्रकाश खंडेलवाल,उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम सहसंयोजक रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य शम्पा बाला, प्रिंस कसेरा, अभिषेक कुमार पांडे, उदित तिवारी, गुंजन मद्धेशिया, प्रवेक जैन, केशव और नीरज सिन्हा सहित अन्य सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई।

## बड़कागांव विधान सभा में जेएलकेएम का लहरेगा झंड़ा : सीताराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी बालेश्वर कुमार के पक्ष में उनके सहयोगियों और समर्थकों ने क्षेत्र के हेवई कोदवे मुंगबा टांड़ लोचर बेंगवरी समेत अन्य क्षेत्रों में जन संपर्क कर जन समर्थन मांगा। इस दौरान सीताराम कुशवाहा, मोहम्मद कासिम ,अजीज मियां, जगदीश महतो समेत अन्य लोगो ने बड़कागांव समेत पूरे झारखंड में परिवर्तन होने की बात कही। साथ हीं कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के प्रत्यासी बालेश्वर कुमार को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। वही संजू देवी भारती देवी किरण देवि ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन कर टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता पार्टी प्रत्यासी बालेश्वर कुमार को अपना मत देकर विजय बनाने के लिए तैयार है। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी बालेश्वर कुमार के भाई सीताराम कुशवाहा, जगदीश महतो धनेश्वर महतो राजेश महतो प्रयाग राणा नेपाली राणा असगर अली गौतम सिंह महवीर महतो संजू देवी भारती देवी दीपक कुमार महतो दालेश्वर महतो, सहीत दर्जनों समर्थक सामिल थें।

## पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने केरेडारी में जनसभा को किया संबोधित




**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में कई जनसभा को संबोधित किया। वे क्षेत्र के पतरा खूर्द बेलतु पांडू समेत अन्य क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचकर जन समर्थन मांगा। अपने सम्बोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए पुरी तरह समर्पित है। बड़कागांव विधान सभा के जनता के हक अधिकार के लिए मै और मेरी पत्नी कई वर्षो तक जेल में सजा काटे साथ हीं राज्य बदर कर तड़ीपार कर दिया गया। बड़कागांव विधानसभा की जनता को लूटने के लिए बोरो प्लेयर गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदल रहा हैं। विरोधियों को बड़कागांव को लूटने से बचाने के लिए अंबा प्रसाद पुरी तरह कमर कस चुकी है। क्षेत्र के जनता भी बेटी को बरकार रखने का मन बना चुकी है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधी सुरेश साव, दिलदार अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, पंचायत अध्यक्ष मिथलेश राम,चन्दन गुप्ता, निरंजन साव, मुखिया जितनी देवी, पूर्व पंचायत अध्यक्ष मकसूद मियां, प्रखण्ड युवा अध्यक्ष ईश्वर राम, पवन साव, दसरथ साव, दिनेश साव, पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी, किरण देवी, नीलम देवी, अशामा खातून, सीतल राम, संतोष साव, प्रदीप राम, खेमलाल राम, तापेश्वर साव, रियाशात मियां रामलखन पासावान, मो उल्फत पवन राम समेत अन्य लोग मौजूद थें।

## भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है : सौरभ नारायण सिंह



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के समर्थन में कई बातें कही। सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि पिछले 10 सालों से हजारीबाग विधानसभा तथा लोकसभा में भाजपा का शासन रहा है। इसके बावजूद भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है। पिछले पांच सालों में महागठबंधन सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यो और योजनाओं से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है। इस कारण जनता का समर्थन हमारे साथ है। अब वक्त है बदलाव का,और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी मुन्ना सिंह को यहां की जनता अपना आशीर्वाद देगी और इन्हें यहां से विजयी बनाएगी।

## एनडीए प्रत्याशी की जीत को लेकर एनडीए ने किया बैठक



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत जोबर पंचायत के मिलन टांड़ में आज सोमवार 04 नवम्बर 2024 को एनडीए गठबंधन की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने की तथा तथा संचालन आजसू प्रखण्ड सचिव हरीश पटेल ने किया। बैठक मे भाजपा पूर्वी मंडल पदाधिकारियो,और आजसू पदाधिकारियो की साथ साझा बैठक की गई। जिसमें एनडीए गठबंधन प्रत्याशी निर्मल कुमार महतो( तिवारी महतो ) को अधिक से अधिक मतों से जिताने का संकल्प लिया,साथ ही तिवारी महतो के जनसंपर्क अभियान की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल,पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता,गोविंद महतो,तुलसी सिंह रजनी,दुलारचंद महतो,दिनेश यादव,बाबूलाल यादव,राजू यादव, सहित सैकड़ों की सँख्या में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा में झोंकी जनसंपर्क में ताक़त

## भाजपा के विकास नीतियों को आगे बढ़ायें, प्रदीप प्रसाद को जितायें : मनीष जायसवाल

- सदर प्रखंड के डेढ़ दर्जन गांवों का किया तूफानी दौरा, लोगों को बताया बीजेपी का उपलब्धि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इधर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क यात्रा को तेज कर दिया है। रविवार की शाम को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के को- ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, आर्या नगर और पतरातु बस्ती और सोमवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी जनसंपर्क सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ किया और लगातार अपनी पूरी ताक़त झोंक रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अंबाडीह, मेरु, तरवा, हुटपा, लखैया, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारो, गौतम बिहार कॉलोनी और अमृतनगर का तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2 में कमल निशान पर मतदान करने का अपील किया ।

सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र वासियों से कहा कि आजादी के बाद पहली बार पिछले 10 सालों में बतौर विधायक मैंने अपने कार्यकाल में सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति में जो रफ़्तार और प्रगति प्रदान किया है उसे आगे बढ़ाने और झारखंड में स्थिर और डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुने। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ छला है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ जारी हुआ है और सरकार बनते ही हम अपनी घोषणा अनुरूप राज्य और राज्य वासियों के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करेंगे। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमेशा एक समाजसेवी के नाते आपके दुख- सुख का सहभागी रहा हो और आशीर्वाद मिला तो विधायक बनकर आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा ।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, अमित गुप्ता, छत्तीसगढ़ से पहुंचे भाजपा नेता सह प्रवासी प्रभारी, रथुलाल गुप्ता बीजेपी जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, जिला मंत्री अरविंद कुमार सिकरवार, कमल गोप, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार,भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया कृष्णा मेहता, दिनेश प्रसाद, विजय वर्मा, दिनेश यादव, राजेश यादव, महेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सामेंद्र सिन्हा, रौशन कुमार, विराट, सिलनी, राजेश साव, कौलेश्वर रजक, सीताराम प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, नागेंद्र पप्पू, अनेश्वर प्रसाद, राजकुमार महतो, सोनी देवी, उमेश मेहता, नेमीचंद राम, राजू प्रसाद, अजीत प्रसाद, बालेश्वर साव, रामचन्द्र साव, अमृत पासवान, किशोरी साव, विजय मेहता, आजसू नेता ओमप्रकाश देव, लालू यादव, भीम गोप, रणधीर सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, केदार यादव, कुलदीप प्रसाद, अर्जुन केशरी, दारा साव, सुरेश प्रसाद, रंजीत पाठक, रवि राम, गौतम वर्मा, मुकेश सिंह, प्रदीप मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## विष्णुगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार को पुत्र शोक,सड़क दुर्घटना में गई जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** टाटीझरिया एन एच- 522 पर रविवार संध्या करीब 07 बजे सड़क दुर्घटना हुई,जिसमे विष्णुगढ़ महंत घराने के वरिष्ठ पत्रकार सह प्रेस क्लब विष्णुगढ़ अध्यक्ष राजेन्द्र दुबे के एकलौते पुत्र ऋत्विक दुबे उर्फ रिशु की बेहतर इलाज को हज़ारीबाग ले जाने के दौरान दुखद मृत्यु हो गई। बताया जाता है,कि मृतक कार्यवश हज़ारीबाग से लौटने के क्रम में प्रधान होटल के आगे चौराहे पर बाईक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई जिसकी वजह से उसे काफी चोट आई। मौके पर टाटीझरिया पुलिस ने घरवालों को सूचित करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से उसे टाटीझरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया गया। घायल रिशु को लेकर परिजन हज़ारीबाग रवाना हो गए,जहाँ एपेक्स हॉस्पिटल हज़ारीबाग में चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित किया। विष्णुगढ़ में इस हृदयविदारक घटना की सूचना पाकर रविवार को करीब 11 बजे रात्रि को विष्णुगढ़ बंशीधर अखाड़ा चौक में महंत घराने के सगें सम्बधी एवं शुभचिंतक सैकड़ो की सँख्या में जमा हो गए। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया मातम में पसरे महंत घराने में रुन्दन और क्रंदन से उपस्थित सभी की आँखें नम थी। सोमवार की सुबह महंत घराने के चश्मो चिराग ऋत्विक दुबे उर्फ रिशु को +2 उच्च विद्यालय के बगल से बह रही जमुनिया नदी मुक्तिधाम में दाहसंस्कार किया गया। इस घटना से आहत होकर बंशीधर अखाड़ा चौक के तमाम दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी।

बरही ब्लॉक मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में हुई जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

# बिजली बिल माफी, कृषि ऋण माफी, मईया सम्मान योजना से घबरा गई है भाजपा : कल्पना सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गठबंधन सरकार की स्टार प्रचारक व गांडेय के विधायक कल्पना सोरेन ने बरही प्रखंड मैदान में आयोजित गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित किया। सभा में हजारों की संख्या में बरही विधानसभा क्षेत्र के लोग पहुंचे। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। सभा का संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने एक ओर हेमंत सरकार की उपलब्धियां को गिनवाया वहीं दूसरी ओर भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला भी बोला। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कम समय में जो विकास का काम किया है, उसी के लिए हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए है, जो हमारा हक और अधिकार है। आज मंइयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गई है। मंइयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में आसानी से राशि जा रही है। किसानों का ऋष्टा माफी हुआ है, बकायेदारों का बिजली का बिल माफी हुआ है, 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। 25 लाख गरीबों को अबुआ आवास, 40 लाख लोगों को पेंशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बात नहीं अपने काम को धरातल पर उतारने पर विश्वास करती है। केंद्र सरकार महंगाई का बोझ दी है तो हेमंत सरकार ने उस बोझ को कम करने की काम की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में झारखंड बना जिसमें भाजपा ने 20 साल राज किया, लेकिन राज्य को बदहाल हालत में छोड़ दिया था, जबकि हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर लेकर आए हैं। उसमें भी 2 साल कोविड का काल रहा, साजिश के तहत 6 माह हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। सिर्फ अढ़ाई साल काम करने का मौका मिला और हेमंत सरकार ने बेहतर काम करके दिखाया जो भाजपा के लोगों को पच नहीं रहा। हम झारखंड की मान - सम्मान, स्वाभिमान और विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। आप लोगों का सहयोग मिलेगा तो आने वाले समय झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपने बचे हुए विकास कार्य को बहुत तेजी से पूरा करेगी। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने 27 प्रतिशत आरक्षण कम करके 14 प्रतिशत की है। कहा कि बिहार के तर्ज पर जाति का जनगणना होनी चाहिए झारखंड में जिससे लोगों के हक और अधिकार मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के बारे में जो भाजपा के द्वारा भरमाया जा रहा है, तो बॉर्डर जो है केंद्र सरकार के अधीन है, अमित साह झारखंड की जनता को बरगलाने का काम ना करें। झारखंड का जो रॉयल्टी का पैसा 1,36 लाख करोड़ बकाया है वह केंद्र सरकार अभिलंब झारखंड सरकार को भुगतान करें। साबी देवी ने सभा ने कहा कि यहां की जनता ने वर्ष 2014 मुझे करीब 40 हजार वोट दिया था। इस बार मेरे पुत्र अरुण साहू को जीत सुनिश्चित कर स्व. तिलेश्वर साहू के क्षेत्र के समग्र विकास की सपना को साकार करें। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि बरही में बदलाव की लहर चल चुकी है। इस दौरान उन्होंने बरही के वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक पर तंज कसा, कहां की 30 वर्ष बाद भी बरही को पानी तक नहीं दिलवा पाए। मेरे पिता यहां विकास करने आए थे किंतु उनकी हत्या कर दी गई।

## उरीमारी प्रक्षेत्र में महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने पोटंगा, उरीमारी एवं गरसुल्ला में जनसंपर्क अभियान चलाया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने रविवार देर शाम गरसुल्ला शिव मंदिर के समीप उरीमारी प्रक्षेत्र के पोटंगा,उरीमारी एवं गरसुला पंचायत के लोगों के बीच चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं इसका नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया कर रहे थे। वहीं गठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने गरसुला सहित दोनों पंचायतो के ग्रामीणों से अपना बहुमूल्य वोट कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर वोट देने कि अपील कि साथ ही विधानसभा चुनाव में प्रचंड भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। वहीं इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,पुर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, राजकुमार सिंह,पूर्व विधायक प्रतिनिधि नरेश बेदिया,गरसुला पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस निर्मल बेदिया,भरजीत सिंह,शत्रुघ्न सिंह, पंचायत अध्यक्ष झामुमो ओमप्रकाश सिंह,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बड़कागांव विशेश्वर नाथ चौबे, जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली,शंकर साव, धर्मवीर सिंह,जयप्रकाश सिंह,बसंत सिंह,धीरज सिंह, सागर बेदिया,जुगेश करमाली, रामेश्वर करमाली,कपिल बेदिया,दिनदयाल बेदिया,दिलीप भुइयां,श्रवण भुइयां,राजेश बेदिया,बिनोद गोप, विरेन्द्र मुंडा,कमल मुंडा आदि भारी संख्या में महिला पूरुष मौजूद थे।



## उरीमारी दामोदर नदी छठ घाट का इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कराया साफ-सफाई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी चेक पोस्ट स्थित गौरी शंकर मंदिर एवं दामोदर नदी छठ घाट व उरीमारी कि विभिन्न कॉलोनियों का साफ सफाई सोमवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में कराया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि लोक आस्था के पर्व छठ महापर्व को देखते हुए उरीमारी क्षेत्र में सघन साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सीसीएल कि विभिन्न कॉलोनियों में वर्षो से जमे गार्बेज, कुडेदान, नालीयों कि साफ सफाई किया जा रहा है। वहीं दामोदर नदी छठ घाट का जेसीबी मशीन से करवाया जा रहा है। वहीं इस मौके पर उरीमारी परियोजना के ओभरसियर कवीन कुमार, ठिकेदार अखिलेश सिंह, जयकुमार,सीताराम किस्कू,कानू मरांडी,रामदुलार साव,सीगू मांझी,दीपक यादव,कुलदीप साव, पप्पू यादव, राजकुमार सिंह,चन्दू जयसवाल आदि लोग मौजूद थे।



## दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने की। उन्होंने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में ममता देवी जी को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान बजरंग महतो ने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर चुनाव प्रचार में जुटने की अपील की। उन्होंने ममता देवी के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि ममता देवी ने सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कार्यकर्ताओं ने भी पूरी निष्ठा से ममता देवी के समर्थन में काम करने का वादा किया।इस अवसर पर बजरंग महतो ने कहा, ÷रामगढ़ की जनता को ममता देवी पर विश्वास है, और हमें एकजुट होकर इस विश्वास को और मजबूत करना है। हमें पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरना है ताकि ममता देवी को भारी मतों से जीत दिलाई जा सके।÷कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं के संकल्प के साथ हुआ कि वे रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी की विजय सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे।



## कई पार्टी के महिला-पुरुष ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुसरी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में हुए शामिल मगनपुर पुर्व पंचायत समिति सदस्य रोहित करमाली के नेतृत्व में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता महिला पुरुष कांग्रेस पार्टी का दामन थामा एवं विधानसभा में होने वाले चुनाव में ममता देवी को जीताने का संकल्प लिया गया।पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो ने सभी को कांग्रेस पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर उन्हें कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण करवाया एवं कांग्रेस पार्टी में उन्हें स्वागत व अभिनंदन किया।इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में अशोक करमाली सीमा देवी किरण देवी जयंती देवी कुंती देवी सोनी देवी सीमा देवी मालती देवी सरिता देवी रीता देवी रूबी देवी सोनिया देवी रमेश मुंडा धनंजय करमेल अरमान अंसारी अमीरुद्दीन अकबर बादशाह मजहर अंसारी रामलाल महतो शमसुद्दीन शिवचरण महतो शेखर कर्मणि मनोज करमाली पिंटू करमाली शिव करमाली अक्षय करमाली धर्मदेव करमाली नीतू करमाली दर्जन कर वाले सीता कुमार करमाली राजदेव करमाली बृजेश करमाली जागेश्वर करमाली साथ ही सैकड़ों महिला व पुरुष शामिल हुए।



## भाकपा माले की बैठक में अम्बा प्रसाद को जीताने की बनी रणनीति

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नया नगर बरकाकाना भाकपा माले कार्यालय में बड़कागांव विधानसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अम्बा प्रसाद के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के लिए भाकपा माले बरकाकाना एरिया के नेताओं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता माले नेता हीरा गोप ने किया और संचालन प्रो शाहनवाज खान ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर माले नेता देवकीनंदन बेदिया ने कहा कि भाकपा-माले, भाजपा के खिलाफ चुनावी राजनीतिक अभियान गांव-पंचायत के बूथ स्तरीय मतदाताओं के बीच जनसंपर्क व जनसंवाद को तेज करने की ज़रूरत है क्योंकि भाजपा झारखंड को कारपोरेट अडाणी-अंबानी के हवाले करना चाहती है। झारखंड के मूल मुद्दे विकास, स्थानीयता, शिक्षा, रोजगार से वंचित करना चाहती है। संप्रदाय और जाति आधारित जैसे आदिवासी गैर आदिवासी अल्पसंख्यक आदि के बीच नफरत पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अंबा प्रसाद के पक्ष में भाकपा-माले जोरदार प्रचार चला रही है। बैठक में अतिथि स्वरूप कांग्रेस नेता अंकित राज, अंजन सिंह, रवि कुमार साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप में देवानंद गोप, नागेश्वर मुंडा, पवन गोप,अमल घोषाल, धनीराम प्रजापति, प्रदीप करमाली, मदन प्रजापती, अमित प्रजापति, विनेश मुंडा, तृतियाल बेदिया, देवकी बेदिया, बृजनारायण मुंडा, बासुदेव बेदिया, बिरेंद्र बेदिया, शंकर बेदिया, हीरोलाल मुंडा अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।



# जनता का भरोसा, हमारा संकल्प विकास की दिशा में एक और कदम : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि सोमवार रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 5 के विद्या नगर के स्थानीय लोगों से मुलाकात किया जहां सभी ने रामगढ़ से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को अपना समर्थन देकर हमारी संकल्प व दृढ़ इच्छाशक्ति को और अधिक मजबूत किया। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आप सभी से प्राप्त स्नेह, प्यार व आशीर्वाद से अभिभूत हूं एवं आप सभी देवतुल्य क्षेत्रवासियों का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान क्षेत्रवासियों का अपार समर्थन और स्नेह देखकर मन आश्वस्त है कि हमारी वर्षो की मेहनत पुनः रंग लाने वाली है , मेरा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि सुनीता चौधरी को अपना समर्थन और आशीर्वाद दें तथा उन्हें भारी से भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि रामगढ़ में विकास की नई गाथा लिखी जा सके। आइए, मिलकर विकास और समृद्धि की ओर बढ़ते रहें। विद्यानगर रामगढ़ के निवासियों का एक प्रतिनिधिमण्डल नगर सचिव नीरज मंडल की अगुवाई में सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी से उनके आवास पर मिलकर पुष्प गुच्छ देकर सांसद महोदय सम्मान पूर्वक अभिवादन किया । मौके प्रतिनिधि मण्डल ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को अस्वस्त किया कि जिस तरह से आपने रामगढ़ विधानसभा में विकास की गंगा जो बहाई है हमलोग पुरे विद्यानगर के लोग आपके साथ है द्य मौके पर प्रतिनिधी मंडल में छठ महापर्व की तयारी को लेकर अवगत कराया की विद्यानगर बजरंग बली मंदिर के नजदीक मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि इसके कारण आने जाने वालों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है। यदाकदा छोटे वाहन फंस जाते हैं या गिर कर घायल हो रहे हैं। साथ ही, प्रतिनिधियों ने विद्यानगर के मुख्य स्थल पर टावर मास्ट लाईट लगाने का भी अनुरोध रखा जिससे पूरे आबादी में पर्याप्त रोशनी हो सके। सांसद महोदय ने इन विषयों पर जल्द ही आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के अवसर पर प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर सांसद महोदय का सम्मानपूर्वक अभिवादन किया। नीरज मंडल के सहयोग से इस औपचारिक मुलाकात के अवसर पर रामकुमार साहु, संतोष प्रसाद, सरयू प्रसाद, सपन चक्रवर्ती, अंशु कुमार , अशर्फी प्रसाद, नरेंद्र कुमार तथा ओ पी शर्मा उपस्थित रहे ।



## छठ महा पर्व मे छठ व्रर्तीयो को ना हो परेशानी जिला प्रशासन और छावनी परिषद रखे विषेश ध्यान : सुनिता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** छठ घाट की बेहतर रूप से हो साफ, सफाई महापर्व छठ को लेकर सोमवार को रामगढ़ छावनी परिषद् क्षेत्र के बिजुलिया तालाब में साफ़-सफाई को लेकर छठ घाट का निरिक्षण की। साथ ही इस क्रम में स्थानीय लोगों से मुलाक़ात कर उन्हें लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की द्य इस दौरान घाटों पर आधी-अधूरी साफ-सफाई, भीड़ को नियंत्रण करने से लेकर, बिजली, पानी, चेंजिंग रुम, व चुना ब्लीचिंग के छिड़काव कार्य सहित सभी बुनियादी सुविधाओं की सुगम आपूर्ति हेतु पदाधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधिगणों को निदेशित की। हमारी कोशिश है कि छठ व्रतियों को किसी तरह की असुविधा ना हो और शासन-प्रशासन का पूर्ण सहयोग छठ घाटों पर सुनिश्चित हो। मौके पर आजसू पार्टी नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, पंकज दांगी, श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति बिजुलिया कमेटी के गुड्डू यादव, मुन्ना गुप्ता, अनिल मौजूद थे

## हेमंत सोरेन सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को लाई है, जिससे झारखंड की जनता काफी उत्साहित है : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी ने गोला प्रखंड के कोराम्बे पंचायत के विजयडीह, गुंदलीखरई, सड़सियारी, धोरधोरा, कोराम्बे महावीर चौक, कोराम्बे बाजार, कोराम्बे,घाघरा, केन्दूवाडीह ,जोगीदास, कतराटोला, कोराम्बे बीच टोला,साड़म पंचायत के जयंतीबेडा व नावाडीह पंचायत के उडूसाडम, चोकड़बेड़ा,सिमरटोला, छापरगढ़ा, रमहारू का दौरा कर चुनावी जनसंपर्क अभियान की और अपने पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की । इस दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी एक एक योजनाओं जैसे मईया सम्मान योजना , मुख्यमंत्री सृजन योजना, मुख्यमंत्री किशोरी समृद्धि योजना, फूलों झानो योजना, बिजली बिल माफी योजना , अबुआ आवास योजना, को गिनाई और लोगों से हेमंत सोरेन सरकार के पक्ष में समर्थन देने की बात कही और रामगढ़ विधानसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की । साथ ही कहा कि महागठबंधन सरकार के विभिन्न योजनाओं से लोग काफी लोग उत्साहित हैं और सरकार का समर्थन के लिए तैयार है । युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली,प्रेमसागर प्रसाद, मनोज कोटवार,सागर कुमार गोस्वामी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल पतरातु में रोशन लाल चौधरी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भाजपा पतरातू मंडल के एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के द्वारा जयनगर, सौंदा बस्ती, सरिया टोला, पतरातू देवी मंडप, सिंह टोला, सांकुल, बरवा टोला, टेरपा, टोकी सूद पारगढा ,पिपरी टोला, रोचाप, डाड़ी ड़िह, साहिटांड, तिलैयाटांड़, बोन टोला मस्जिद में जनसंपर्क अभियान चलाया।वहीं रोशन लाल चौधरी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन हो रहा है ठिक उसी प्रकार झारखंड का भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में झारखंड का नाम रोशन होगा तथा झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत की सरकार बनेगी और जनता इस बार ऐसे भर्स्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।मौके पर पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, उपाध्यक्ष किशोर महतो, महामंत्री रामेश्वर महतो, पंकज कुमार सिंह, गंगाधर महतो, बीतन महतो, गणेश ठाकुर, कामेश्वर महतो, परमानंद राजीव, बृजेश कुमार सिंह, गिरी शंकर, मनीष महतो, डॉ ईश्वर देव ठाकुर, महिला मोर्चा से रिंकी देवी, भगवान सिंह इत्यादि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे तथा पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में जॉइनिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर दूसरे दिन प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के दूसरे भी दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। प्रभातफेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। कल तारण गुरुनानक आया, गणीव तेरी सिफत सच्चा पातशाह जैसे सबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर पुराना बस स्टैंड होते हुए बिजोलिया स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के निवास पहुंची। जहां लांबा परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार कंवलजीत सिंह लांबा को सिरोपा देकर सम्मानित किया।यहां लांबा परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी,जोगेंद्र सिंह जग्गी मनमोहन लांबा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा अंकित कालरा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह सैनीगुरप्रीत सिंह शामिल हुये।

## पतरातु एसडीपीओ द्वारा छठ और बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू अनुमंडल पुलिस के द्वारा आगामी त्यौहार छठ ओर बड़कागांव विधानसभा में 13 नवंबर को होने वाले चुनाव को सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस के साथ की एक बैठक भुरकुंडा ओपी परिसर में पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व के नेतृत्व में की गई बैठक। इस बैठक में मुख्य रूप से पतरातु इंस्पेक्टर, भदानी नगर पुलिस ओर भुरकुंडा पुलिस मुख्य रूप से इस बैठक में उपस्थित रहे। इस मौक पर पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार ने प्रेस के लोगों को कहा छठ महापर्व में अशांति फैलाने वाले लोगों पर पुलिस की होगी पैनी नजर, वही 13 नवंबर को होने वाले बड़कागांव विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण माहौल में कराने पर भी चर्चा की गई।

## छात्र श्रृंखला बनाकर बच्चों ने दिया मतदान का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में मानव श्रृंखला बना कर लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया।रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।विद्यालयों के लगभग 500 से 600 बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए सभी को जागरूक कर विशाल मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला विद्यालयों के बच्चों ने मिलकर बनाई। मानव श्रृंखला बनाने का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था।बच्चों ने मताधिकार करने मे अधिकारो एंव देश के प्रति कर्तव्यों के बारे मे बताया एवं एक स्वच्छ ईमानदार प्रत्याशी को चुनकर लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने।विद्यालय के प्राचार्य ने प्रजातंत्र का अर्थ बताते हुए कहा कि प्रजातंत्र का अर्थ होता है। लोगो का शासन यानि कि भारत के हर एक निवासरत जनता का शासन और प्रजातंत्र का आधार मे प्रकाश डालते हुऐ कहा कि निर्णय लेने या अपना विचार व्यक्त करना भी एक विधि है।छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रजातंत्र का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से इस देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थाई रहता है। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name of Political Party : Janata Dal (United)**

*** Name of the Election : Assembly Election - 2024**

**Name of State : Jharkhand**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | **58, Tamar (S.T.)** | **Gopal Krishna Patar** | *Special Court of N.I.A. Ranchi, Case No.-1/2017 | *Case U/S - 120 (B), 302 (IPC), 16, 18, 20 U.A.P. Act | No | No | No |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**FORMAT C-1**

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Gopal Krishna Patar**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

**Name of Election : Assembly Election 2024**

***Name of Constituency : 58 Tamar (S.T.)**

I, **Gopal Krishna Patar** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| SI.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Court of N.I.A. Ranchi | Case No.- N.I.A 1/2017 | Pending for final hearing | Case U/S 120(B), 302(IPC), 16, 18, 20 U.A.P. Act. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SI.No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NA | NA | NA |

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# जेएलकेएम प्रत्याशी सलीम अंसारी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** विधानसभा के जेएलकेएम प्रत्याशी डॉ. सलीम अंसारी ने सोमवार को बिरनी प्रखंड के पूर्वी भाग में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने खुरजीओ, चिताखरो, खेदवारा, पेशम, कोडराटांड, पड़रमनिया, दूधियानो, गुरहा सहित कई गांवों का दौरा कर जनता से समर्थन और वोट की अपील की। उनके इस जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने अपने मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. सलीम ने क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने का वादा किया और जनता के समर्थन का आह्वान किया।जेएलकेएम प्रत्याशी डॉ. सलीम अंसारी को बिरनी प्रखंड के पूर्वी भाग में जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन मिला।लोगों ने बड़ी संख्या में उनका स्वागत किया और समर्थन का आश्वासन दिया। जनताओं के बीच डॉ. सलीम की उपस्थिति से सकारात्मक माहौल बना, और उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का वादा करते हुए जनता से अपने पक्ष में वोट की अपील की।जेएलकेएम प्रत्याशी डॉ. सलीम अंसारी ने जनसंपर्क के दौरान जनता से वादा किया कि अगर उन्हें जीत मिली, तो वे क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को दूर करना और जनता की जरूरतों को पूरा करना होगा। डॉ. सलीम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे।इस जनसंपर्क अभियान में डॉ. सलीम अंसारी के साथ जिला सचिव धर्मपाल महतो, जिला कोषाध्यक्ष अख्तर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सोनू साव, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष वसीम अख्तर, रजन मोदी, अजय यादव, सलीम अंसारी, सोनू मलिक,डॉ आसीन अन्सारी, जावेद अंसारी, यूसुफ आजाद, महबूब सनम महबूब, मीडिया प्रभारी बिरेन्द्र वर्मा और तनवीर आलम सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। इस विशाल समर्थन और सहयोग के साथ जनसंपर्क अभियान ने और भी अधिक उत्साह का माहौल बना दिया, जिससे डॉ. सलीम को क्षेत्र में व्यापक समर्थन मिला।




# कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने विभिन्न स्थानों में चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने पुटकी बाजार, प्रभु चौक, मुनीडीह बाजार, भागाबांध, कोक प्लांट-पुटकी एवं बैंक मोड़ बिरसा चौक से जयप्रकाश चौक होते हुए धोवाटांड़ सहित विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के क्रम में ग्रामीण एकता मंच के संयोजक रणजीत सिंह जो पिछला चुनाव लड़े थे उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे से मुलाकात कर चुनाव में समर्थन देने की घोषणा किया। मौके पर धनबाद विधानसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धनबाद विधानसभा क्षेत्र की जनताओं के द्वारा अपार समर्थन व आशीर्वाद से अभिभूत हूं। आगे उन्होंने कहा कि धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर धनबाद बनाने की पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सभी समुदायों के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, राजेश्वर सिंह यादव, कयूम खान, लक्ष्मण तिवारी, योगेंद्र सिंह योगी, दिनेश यादव, मंटू दास, महेंद्र दुबे, गुड्डू खान, जितेश सिंह, दीपक सिंह, प्रभात सुरुलिया, पप्पु कुमार तिवारी, पप्पू पासवान, हुमायूं राजा, निवारण महतो, बबलू दास, मृत्युंजय सिंह, प्रीतम रवानी, साहिर खान, अरविंद सैनी, राजीव कुमार, रखाल दास, अजय पासवान, गुड़िया देवी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# रामगढ़ में राष्ट्रीय जनता दल की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पंचवरी होटल के सभागार में राजद जिला का एक बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह है कि तीनो विधान सभा रामगढ़, मांडु, बड़कागांव में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप शामिल हुए एवं विशिष्ट अतिथी प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश प्र. यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो0 गुलजार ने किया एवं संचालन जिला प्रवक्ता सुबोध सिंह ने किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी गिरधारी गोप ने कहा कि पार्टी का एक एक कार्यकता इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीतने का काम करेंगे । इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रस्मेग प्र0यादव ने कहा कि राजद लालु जी के नीती एवं सिंदांतो मानने और जानने वाले लोग दे। जो डिली प्रत्याशी इण्डिया गठबंधन का होगा वहाँ हमारे कार्यक्रताओं को वोट पड़ेगा। एवं विशिष्ट अतिथी संतोष यादव ने कहा कि हमलोग तन-मन-धन से गठबंधन के प्रत्यासी को मदद करेंगें। इस कार्यक्रम में विभिन्न लोगो अपने वक तव्य दिए जो इस प्रकार परमेश्वर महतो, वहीद अंसारी , मो0 जब्बार राजकुमार केसरी अकबर खान शाहिर सिद्दीकी , शुष्मा , बीर अली, इमरान अन्सारी महताब अन्सारी, रामगढ़ जिला सचिव परवेज आलम , प्रखड सचिव इमरान अन्सारी, मो0 नासिर आलम आदि उपस्थित थे।



# पलौंजिया में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** सोमवार को प्रखण्ड के पलौंजिया बाजार में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजदेव साव एवं टूपलाल वर्मा ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर मध्य-प्रदेश के पूर्व मंत्री रामखेलावन सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि पुष्कर सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम से पूर्व उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि के नारे लगाए । वहीं विनोद पांडेय ने ध्वनि यंत्र के द्वारा मंत्रोच्चारण किया तथा श्री पटेल ने कार्यालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया । वहीं दूसरी ओर पलौंजिया बाजार टांड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बैठक की गई । जिसमें हर व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजना के बारे में जानकारी देने की बात कही तथा अधिक से अधिक लोगों से मतदान कराने और अपने-अपने बूथ पर बढ़त बढ़ाने पर चर्चा की गई । इस दौरान भाजपा प्रत्यासी नागेंद्र महतो, रजनी कोर, नारायण पांडेय, मनोज सिंह, सुभाष वर्मा, सूरज मोदी, सरयू पासवान, छत्रधारी दास,दिलीप रविदास, सूरज सुमन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कुडमाली भाखि नेगाचारी इकाई की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची प्रखंड के महतो मार्केट में कुडमाली भाखि नेगाचारी इकाई की ओर से सोमवार को एक बैठक प्रखंड संयोजक बिनोद बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामाकुंडा, चितरपुर मदैयडीह, तोपचांची एवं दुमदुमी समेत अन्य और पंचायत से कुडमि समाज के प्रबुद्ध व गणमान्य लोगों ने शिरकत किया। मौके पर हरेंद्र महतो उप मुखिया ने कहा कि कुडमि समाज आजादी के बाद से अपने संवैधानिक हक अधिकार के लिए संघर्षरत है। समाज के अगवा नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा ÷रेल टेका, डहर छेका÷ आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ। वहीं विनोद बिहारी महतो ने कहा कि जो कुडमि हित की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा। बैठक में सदानंद महतो, दूधनाथ महतो, मंगल महतो, केशव महतो, सोहराय महतो, सुदन महतो, नकुल महतो, रामप्रसाद महतो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की हुई बैठक

**रामगढ :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक आरा कांटा कार्यालय में संपन हुई। बैठक में भुनेश्वर बेदिया, बसंत कुमार, देवकीनंदन बेदिया ,लाली बेदिया, बिगेन्द्र ठाकुर, अमल कुमार ,देवानंद गोप, बिजेंद्र प्रसाद, महादेव मांझी, करमा मांझी, रामसिंह मांझी,सरयू बेदिया, निर्मल मुंडा,प्रयाग महतो, सोहन बेदिया, ध्रुव तिवारी उपस्थित थे। दिवंगत पार्टी सदस्य रामू तुरी के श्रद्धांजलि से की गई। उसके बाद पार्टी चुनाव संकल्प पत्र का पाठ किया गया। हमारी पार्टी झारखंड में 4 सीटों से चुनाव लड़ रही है जो इस प्रकार है बगोदर,धनवार,निरसा और सिंदरी। तीन सीटों में इंडिया गठबंधन है और एक सीट धनवार में जेएमएम के साथ दोस्ताना संघर्ष है। बाकी सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को समर्थन करती है। रामगढ़ विधानसभा, मांडू विधानसभा के मांडू प्रखंड और बड़कागांव के पतरातू प्रखंड पड़ते हैं ।

**This may be published in Newspapers und TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

(For candidate to publish in Newspapers. TV)

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr')*

Name and address of candidate: **KAMLESH KUMAR SINGH**
Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**
*(Independent **candidates** should **write "Independent" here)***
Name of Election **VIDHAN SABHA ELECTION 2024**
Name of Constituency: **79- HUSSAINABAD**
I KAMLESH KUMAR SINGH (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl No. | Name of court & date of order | Case no and dated | Status of case Appearance | Sections of acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sri Prabhat Kumar Sharma, AJC XVIII-Com Spcial Judge MIA Ranchi ECIR/02/PAT/ADC(B) | ECIR/02/Pat/09/AD-Directorate of infocement patna Sub-Zonal office Frazer Road Patna | Date of Order Conviction 25-09-2012 | For committing The office of Money Laundring |
| 2. | Sri Prabhat Kumar Sharma, Spcial Judge C.B.I. Ranchi | RC 05(A) 2010-AHD Ranchi CBI AHD Ranchi Kali Babu Street bihind civil court Ranchi | Date of Order Conviction 26-02-2018 | Acquiring Assets Disproportionate to known source of income |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No | Name of court & date of orders | Description of. offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A. | N.A. | N.A. |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Note:-**

1. The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall be in bold letters.
2. The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.
3. Details should be given separately for each case in separate rows.
4. If a candidate is contesting an election on the ticket of a particular party, he/she is required to inform the party about the criminal cases pending against him/her.
5. The candidate shall report about publishing of declaration regarding criminal cases immediately after such publication to the Returning Officer. In addition, he shall submit a report about publishing of the declaration regarding cases in Format C-4 along with the account of election expenses within 30 days of declaration of result of election. (a) In case of elections to the Lok Sabha and the Legislative Assemblies, this shall be submitted to District Election Officer concerned, (b) In case of elections to the Rajya Sabha and the State Legislative Council, this shall be submitted to the Returning Officer concerned.

## कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................./

### आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा–गुमला मार्ग पर ग्राम–चंदाली के पास से 30 बोरा लकड़ी कोयला सहित एक पीकअप सं0–JH01N7805 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 339851 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

## समाहरणालय सिमडेगा
## विधान सभा (आम) निर्वाचन 2024
## (प्रेक्षक कोषांग)

### आम सूचना

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत सामान्य प्रेक्षक (General Observer ) **C.RAVI SHANKAR**, **(IAS)** 70–सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र, पुलिस प्रेक्षक (Police Observer) **Rajan T Sushra** (**IPS**) 70–सिमडेगा /71 कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र एवं समीर रैनियर खालखो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 03.11.2024 को निर्वाचन कार्य की समीक्षा के दौरान सिमडेगा जिला अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 207 (स्वामी श्रद्धानंद म0वि0, टैंसेरा) एवं 196 (रा0प्रा0वि0 रिगड़ी) मतदान केन्द्रों का दौरा किया गया। मतदान केन्द्र में भ्रमण के दौरान उनके द्वारा जनता के बीच संवाद करते हुए विभिन्न निर्वाचन कार्यो एवं मतदाताओं को उपलब्ध करायी गई मतदान पर्ची की समीक्षा की गई एवं आवश्यक जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के द्वारा मतदाताओं को निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की गई एवं मतदान के अधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी/शिकायत सीधे तौर पर उन्हें देने हेतु स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीणों को अपना संपर्क नम्बर उपलब्ध कराया गया।

विश्वासभाजन
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, सिमडेगा

**PR 339864 Simdega(24-25).D**

## कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अड़की (खूँटी)

ज्ञापांकः– 1060(ii) दिनांकः– 30–10–2024

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा श्री पुष्कर सिंह मुण्डा, सेवानिवृत जनसेवक अड़की, जिला–खूँटी वर्तमान पत्राचार पता–ग्राम रेलाडीह, पोस्ट–रेलाडीह, थाना–बुण्डू, जिला राँची को इस प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सेवानिवृति के उपरान्त पेंशन संबंधित आवश्यक दस्तावेजों को आपके द्वारा कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराये जाने के फलस्वरूप पेंशन पेपर का ऑनलाईन प्रविष्टि नहीं किया जा सका है।

इस संबंध में क्रमशः इस कार्यालय के पत्रांक–613 (ii), दिनांक–28.06.2023, ज्ञापांक–881(ii), दिनांक–30.09.2023, एवं ज्ञापांक–141 (ii), दिनांक–05.02.2024 के द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु अब तक इस संदर्भ में आपके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञाप्ति के प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अन्दर आप सशरीर प्रखण्ड कार्यालय, अड़की में उपस्थित होकर सभी वांछित दस्तावेजों को नियमानुसार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे।
कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
अड़की।

PR 339859 District (24-25)D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त चतरा
## (डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)

### आम सूचना

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा का ज्ञापांक 96 दिनांक 31.10.2024 PR 339776 के द्वारा डाक मत पत्रों के माध्यम से निर्वाचन कार्यो में प्रतिनियुक्त कर्मी एवं पदाधिकारी को सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु तिथि एंव समय सारणी की आम सूचना प्रकाशित की गई थी, उक्त सूचना की कम संख्या 10 में आशिक संशोधन निम्नवत् की जाती है ।

### पूर्व की सूचना

| क0 स0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधानसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम | प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 03.11.2024 से 07.11.2024 एवं 08.11.2024 से 11.11.2024 | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26– सिमरिया | FC-10 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा। | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी/पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |

### संशोधित सूचना

| क0 स0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधानसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम | मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 03.11.2024 से 05.11.2024 . | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26– सिमरिया | FC-10 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा। | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी/पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |
| | 06.11.2024 से 07.11.2024 | | | | Inter District से प्राप्त पोस्टल बैलेट का मतदान |
| | 08.11.2024 से 11.11.2024 तक | | | | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी/पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

**PR 339839 Election(24-25).D**

# झारखंड में बनेगी एनडीए की सरकार : नेहा महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू भाजपा जदयू एवं एल जी पी यानी एनडीए गठबंधन को जनता के मिल रहे अपार समर्थन से इंडी गठबंधन की हवाइयां उड़ी हुई है। जनता इंडी गठबंधन के पिछले 5 वर्ष के भ्रष्ट शासन को देखकर जनता तंग आ चुकी है। और इससे यथाशीघ्र पीछा छुड़ाना चाहती है। यह सरकार दोबारा आ गई तो राज्य को तबाही के कगार पर ले जायेगी। यह सरकार युवा विरोधी, महिला विरोधी, बेरोजगारी बढ़ने वाला है। इससे ना कोई खुश है और ना किसी तरह की उम्मीद है। इसलिए इस सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। इस सरकार का समय पूरा हो चुका है। यह जन विरोधी सरकार जोअब नहीं चलेगी। जनता ने ठान लिया है,कि इस बार लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत को हर हाल में जीता कर विधानसभा भेजना है और इस राज्य में एनडीए का सरकार बनाना है। जिससे युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा मिल सके, ना कि इस सरकार की तरह बिना सिर पैर की योजना लाई जाती है। जैसे 1000 देकर बेवकूफ बनाने का काम किया गया है। वह भी आखरी समय में,यही योजना अगर यह सरकार चाहती तो अपने शुरुआती वर्षों में ही शुरू कर सकती थी। लेकिन सिर्फ जनता को बेवकूफ बनाने के लिए आखिरी के महीने में यह योजना लाई और 1000 देने का कार्य किया। जो सिर्फ ठगने का काम है। सरकार चाहती तो एक-एक घर को महंगाई से निजात दिला सकती थी ।परंतु राज्य के मुखिया की सोच ही सही नहीं है वह जनता के बारे में सोच ही नहीं पाते। स्थानीय विधायक भी इतने अच्छे विभाग के मंत्री होकर जिला के लिए कुछ नहीं कर पाए। सिर्फ 5 साल घूम कर बिता दिया उपलब्धि गिनाने के लायक इनके पास कुछ भी नहीं है। कोई भी बड़ा कार्य यह नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस जिस तरह से पिछले 70 सालों में मूलभूत सुविधा नहीं दे पाई ।यह सरकार भी और विधायक भी कुछ नहीं दे पाए तथा उम्मीद नहीं है कि आगे भी कुछ कर पाएंगे इसलिए इस बार जनता ने ठान लिया है कि एनडीए की सरकार बनेगी ।उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने आज पदयात्रा के दूसरे दिन भंडारा प्रखंड के विभिन्न गांव में कहीं ।आज की पदयात्रा उदारंगी अंबेरा आकाशी भिठ्ठा बड़ागाई चट्टी भंडारा पंडरिया आदि गांवों में हुआ जिसमें लोहरदगा प्रभारी नेहा महतो एवं एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के साथ सैकड़ो कार्यक्रता सम्मिलित हुए और जनता के बीच जाकर नीरू शांति भगत की जीत के लिए जनता से वोट मांगा।

# थाना प्रभारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में छठ महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण रूप से छठ महापर्व संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शांति समिति बैठक में विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीणों द्वारा छठ महापर्व को लेकर ग्रामीण स्तर से किए जा रहे विधि-व्यवस्था से अवगत कराया। साथ ही पूर्व में प्रखंड प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से किए गए कार्यों को अवगत कराया। मौके पर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड में शांतिपूर्ण रूप से छठ महापर्व संपन्न कराने में सबकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने भंडरा के अखिलेश्वर धाम छठ घाट में सुरक्षा को देखते हुए घाट से दो फिट पानी के अंदर रेखांकन के लिए रस्सी लगाने, छठ घाट में अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त करने के साथ साथ स्वयं सेवी दल का सहयोग लेने की बात कही है। इस दौरान भौंरो पंचायत मुखिया सुमति तिग्गा ने भौंरो पंचायत में छठ पूजा को लेकर तैयारी पूरी होने की बात कही है। मौके पर सुमंती तिग्गा, आफताब आलम, मनोज साहू, उमेश साहू, उमेश्वर साहू, राजू साहू, सुरेंद्र यादव, एतवा उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# 85 वर्ष से उपर की उम्र और दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त होम वोटिंग की सुविधा का आज 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं (40 प्रतिशत से अधिक) ने लाभ उठाया और अपने घर पर ही रहकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर गठित होम वोटिंग टीम द्वारा मतदाताओं को सुविधाएं दी गई और उनका सहयोग किया गया। चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंच कर टीम की ओर से प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, बीएलओ ने वोटिंग की प्रक्रिया को संपन्न कराया और इस दौरान आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया। होम वोटिंग कराने के लिए जिला में कुल 11 टीमें बनायी गई हैं। इसमें तीन टीमें नगर परिषद क्षेत्र,एक टीम कैरो प्रखण्ड,एक टीम कुडू प्रखण्ड, भण्डरा प्रखण्ड में 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक टीम, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में दो टीमें, किस्को प्रखण्ड में एक टीम और सेन्हा प्रखण्ड में 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक टीम गठित की गई है। 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा 03 से 07 नवंबर तक (First Visit) तथा 09 नवंबर से 10 नवंबर (wnd Visit) के बीच मिलेगी। यह वोटिंग सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक सभी प्रखण्डों में होगी।

# भाजपा-आजसू की सामुहिक बैठक में 05 नवंबर को देश के रक्षा मंत्री एवं आजसू सुप्रीमो के आगमन को लेकर की चर्चा



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड आजसू कार्यालय में आगामी 05 नवंबर मंगलवार को देश के मा0 रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं आजसू सुप्रीमो श्री सुदेश महतो के लोहरदगा समाहरणालय मैदान में विशाल जनसभा कार्यक्रम के निमित भाजपा आजसू पदाधिकारियों की सामुहिक बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी 37 बूथो मे एनडीए प्रत्याशी सुश्री नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने प्रखंड के सभी बूथों से अधिक से अधिक संख्या मे मा0 राजनाथ सिंह जी एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगो की उपस्थिति पर बैठक में सामुहिक रूप से चर्चा हूई। आज के उक्त बैठक में आजसू प्रखंड प्रभारी अरविंद यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, भाजपा निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, जिला मंत्री कैलाश महतो, प्रखंड भाजपा महामंत्री मनोज साहु, आजसू प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिह, परमानंद साहू, संजय महतो, गौतम साहू, बलराम साहू, संजय साहू, सुर्रेंद्र पहान, संदीप लोहार, गौतम साहू, दीपक दुबे, संजीव तिवारी, रवि ठाकुर, इत्यादि सामुहिक बैठक मे उपस्थित थे।

# 4 दिनों तक चलने वाला लोक-आस्था का महापर्व छठ व्रत नहाय-खाय के साथ आज से प्रारम्भ

**महापर्व को संपन्न कराने को लेकर कैरो में समिति का गठन, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने कृष्णा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 दिनो तक चलने वाला लोक-आस्था का महापर्व छठ-ब्रत आज 05 नवंबर मंगलवार से नहाय-खाय के साथ सुरु हो गया है। कैरो में महापर्व को हर्षोल्लास के साथ शांति पुर्वक संपन्न करने को लेकर छठ पूजा समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें अध्यक्ष-कृष्णा साहू, उपाध्यक्ष-राजेश यादव, सचिव-भोला साहू, सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष-पप्पू गुप्ता एवं अभिमन्यु प्रसाद, सद्स्य प्रमोद सिंह, मुकेश साहु, दिलीप बैठा, ओम साहु, पिन्टू सोनी, रितेश सोनी, कमलेश प्रसाद, रवि ठाकुर, आदित्य राम, कृष्णा उराँव, राजाराम साहू, बजरंग प्रसाद, राजेश साहू, रितेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, अनिल साहू, मोती साहू, परमेश्वर भगत, संजय महतो, गुड्डु यादव, मानिकचंद साहू, अंकित सोनी, रवि रजक, अंकित साहू, शैलेश कुमार, राधेश्याम साहू इत्यादि। वहीं संरक्षक में रामपवित्र सोनी, बालेश्वर साहू, गंगा प्रसाद, राजेन्द्र सोनी, मंटू साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहु, रवि प्रजापति, आनन्द साहू, विवेक महतो, मुखिया वीरेंद्र महली, ललेश पांडे, कैलाश महतो, बानेश्वर राम, शंकर राम, जगलाल राम, प्रभू भगत, शतीश पांडे, इत्यादि संरक्षक बनाये गये हैं। अध्यक्ष कृष्णा साहू ने कहा कि छठ महापर्व आज 05 नवंबर मंगलवार को नहाय-खाय, 06 नवंबर बुधवार को खीरभोजन, 07 नवंबर गुरुवार को भगवान भास्कर की अस्ताचल गामी अर्घ्य, एवं 08 नवंबर शुक्रवार को उदीयमान अर्घ्य के साथ हर्षोल्लास पुर्वक कैरो खुट्टा तालाब में पुरोहित कौशलकान्त त्रिपाठी एवं सूर्यकान्त त्रिपाठी के आचार्यत्व में ब्रत का पारण होगा।

# राज्य में जन जन की पुकार एनडीए गठबंधन की सरकार : नेहा महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी, अंबेरा, अकाशी, भीठा, बड़ागाई, चट्टी, भंडरा व पंडरिया गांव में सोमवार को आजसू पार्टी द्वारा पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू पार्टी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से पदयात्रा के माध्यम से एनडीए प्रत्याशी नीरु शांति भगत को वोट देकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनने की बात कही। मौके पर पहुंची राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो ने कहा कि क्षेत्र व राज्य में जन जन की पुकार एनडीए गठबंधन की है। राज्य में यूपीए की सरकार लोगों को सिर्फ ठगते चली आ रही है। राज्य में अपराध, दुष्कर्म की घटना बढ़ रही है, लोग काफी संख्या में राज्य से दूसरे राज्य पलायन हो रहे है। इसके बाद भी राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के जीतते ही भंडरा प्रखंड में उपेक्षित 12 करोड़ की लागत से बंद कोयल जलापूर्ति योजना को शुरू करने, प्रखंड के सभी जर्जर हो चुके सड़कों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक निर्भरता की ओर अग्रसर करने की बात कही है। एनडीए प्रत्याशी नीरु शांति भगत ने कहा कि लोहरदगा के लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने क्षेत्र के विकास के लिए जो सपना देखा था, उनके अधूरे सपना को पूरा करना लक्ष्य रहा है। उन्होंने कभी अपने आप को विधायक नहीं समझा बल्कि हर लोगों का बेटा और भाई बनकर सेवा की है। उनकी क्षेत्र में लोकप्रियता देख काफी गौरांवित महसूस करते है। उन्होंने हमेशा सभी धर्मो का सम्मान किया। उनके लिए सभी एक थे। उनकी कमी को विकास के माध्यम से दूर किया जाएगा। मौके पर जितेंद्र सिंह, आकाश यादव, दिलीप साहू, देवेंद्र साहू, एजाजुल अंसारी, अंजू देवी, अनिता साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सिमडेगा विधानसभा में भाजपा की जीत पक्की : रंजन पटेल



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 70-सिमडेगा विधानसभा संचालन समिति (कोर ग्रुप) की बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें सिमडेगा विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति बनी एवं रणनीति पर कार्य करने की जिम्मेवारी सदस्यों को सौपीं गयी, संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हैं प्रवासी कार्यकर्ता रंजन पटेल ने कहा की कोर कमेटी के सदस्य दो दो तीन तीन शक्ति केंद्र को गोद ले लें,जीत पक्की है।क्लस्टर प्रभारी सह छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के घोषणा पत्र को घर-घर पहुंचने के बात कही जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार बनते ही घोषणा पत्र में किए गए सभी वायदे जल्द पूरे किए जाएंगे किसानों को ?3100 प्रति क्विंटल धान की खरीद होगी बैठक में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक प्रवासी रंजन पटेल छत्तीसगढ़ के मंत्री व क्लस्टर प्रभारी केदार कश्यप जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता सिमडेगा विधानसभा संचालन समिति के संयोजक ओम प्रकाश साहू अभिकर्ता अभय जी संजय शर्मा जिला कोर ग्रुप के सदस्य अनूप केशरी तुलसी कुमार साहू रवि गुप्ता राकेश रविकांत दीपनारायण दास प्रणव कुमार मनोज़ साय अमरनाथ बामलिया संजय ठाकुर सुदर्शन सिंह कृष्णा राय कोटवार सूरज देव सिंह प्रतिमा देवी अजय प्रसाद सुरेंद्र प्रसाद संजय शर्मा मौजूद थे।

# अफसर कुरैशी ने कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर उरांव के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के पक्ष में कांग्रेस नेता हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा शहरी क्षेत्र के अली नगर में समुदाय के बीच बैठक करके जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित हुए मौके पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा के कांग्रेस पार्टी राज्य वासियों के विकास को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा के कांग्रेस के शासन में जिस प्रकार से लगातार राज्य में विकास कार्य किया गया है इससे पूरे राज्यवासी खुश है। उन्होंने कहा कि इस बार भी लोहरदगा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव भारी मतों से चुनाव जीतेंगे उनके जीत के लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सभी समुदाय के लोग लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा के विकास को लेकर जो कार्य किया है उसे क्षेत्र की जनता काफी खुश है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे हाजी अफ़सर क़ुरैशी, अरेंज़ेब आलम, आफ़ताब आलम, अफ़रोज़ क़ुरैशी, मुमताज़ अंसारी, नसीम अंसारी, मास्टर शमीम, नईम अंसारी, एवम् काफ़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कराटे खिलाड़ियों का कैरो प्रखंड मुख्यालय में हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** रांची में आयोजित 11वीं ईमा कप शिकोकाई झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर झारखंड में दुसरे स्थान प्राप्त करने वाले पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के कराटे खिलाड़ियों का विद्यालय के प्र, प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी के नेतृत्व में घर वापसी के क्रम में विभिन्न संगठन और संस्था के लोगों ने कैरो चौक में भव्य स्वागत किया। ध्यातव्य है कि 2 एवं 3 नवंबर को संत जोसेफ क्लब रांची में आयोजित चैंपियनशिप में विद्यालय के खिलाड़ियों मोहन टाना भगत, अदनान अंसारी, रौशनी उरांव, अमृता कुमारी, अब्दुल्ला अंसारी, शुभम टाना भगत, आँचल कुमारी ने 9 गोल्ड मेडल सहित 15 मेडल जीतने में सफल हुए। स्वागत करने वालों में कैरो प्रखंड अंजमन के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, मौलाना आजाद वैल्फेयर सोसायटी कैरो के अध्यक्ष महताब आलम, नायब सेक्रेटरी महबूब अंसारी, उपाध्यक्ष मजुल अंसारी, पूर्व सेक्रेटरी शकील अंसारी, पूर्व उपाध्यक्ष मुस्लिम अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सजाद अंसारी, जोरावर खान, नईम अंसारी, मतलूब अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, लोहरदगा की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय में संचालित स्वीप कोषांग में चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स लोहरदगा के सचिव एवं सदस्यों के साथ स्वीप कोर कमेटी द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से विशेष कर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की गई। जिला अंतर्गत संचालित सभी प्रतिष्ठान के सभी कर्मियों को मतदान की तिथि 13 नवंबर 2024 को मतदान हेतु सभी कर्मियों को पूर्ण वेतन के साथ अवकाश देना अनिवार्य है, इसकी जानकारी दी गई। प्रतिष्ठान संचालक प्रतिष्ठान के कर्मी एवं उनके परिवार जनों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रतिष्ठान में आने वाले ग्राहकों को मतदान हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया। जिले के मॉल संचालकों, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप संचालकों से भी सभी कर्मियों ग्राहकों को एवं उनके परिवार जनों को 13 नवंबर 2024 को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। निर्वाचन कोषांग से प्राप्त मतदान संबंधित पोस्टर मतदाता मार्गदर्शिका मतदाता शपथ-पत्र भी चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों को प्रदान किया गया और जिले में मतदाता जागरूकता का विशेष प्रचार प्रसार हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सहसचिव अनीश मित्तल, सदस्य मनु मनीष अग्रवाल के स्वीप कोषांग के वरीय प्रभारी और स्वीप सिर्फ टीम के सभी सदस्य उपस्थित थे।

**कैरो में कांग्रेस पार्टी चुनावी कार्यालय का अध्यक्ष व प्रभारी ने फीता काट कर किया उद्घाटन**

# कार्यकर्ता डॉ.रामेश्वर उरांव को जीत दिलाने हेतू डोर-टू-डोर मतदाताओं से करें संपर्क : अनीश अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के कैरो थाना ब्लॉक मोड़ के समीप प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में रविवार को विधानसभा चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु प्रखंड चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसमें विधिवत रूप से लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी दीनानाथ तिवारी जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद प्रखंड सदर जमील अंसारी, कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव की जीत के लिए संकल्प लिया गया। मौके पर प्रभारी दीनानाथ तिवारी ने कहा कि कैरो के सभी 37 बूथों को लीड कराकर प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से जीताना है। इसके लिएर कार्यकर्ता गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा मार्जिन के साथ इंडिया गठबंधन को जिताया जा सके। मोहन दुबे ने कहा कि झारखंड राज्य में गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईया सम्मान, केसीसी ऋण माफी,बिजली बिल माफी व सर्वजन पेंशन सहित अन्य योजना से सीधे जनता लाभान्वित हुए हैं। जिसका लाभ चुनाव में देखने को मिलेगा। झारखंड में गठबंधन की दोबारा सरकार बनने जा रही है। इसके लिए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से डॉ रामेश्वर उराँव की जीत सुनिश्चित है। प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद ने कहा कि हमारे सभी एक-एक कार्यकर्ता समर्पित, निष्ठावान एवं जुझारू है हम सभी मिलकर अपने प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव को भारी मतों से विजई बनाएंगे। प्रखंड सदर जमील अंसारी ने कहा कि हर गिले शिकवे को भुलाकर एक होकर हमें चुनाव लड़ना है और अपने प्रत्याशी को जिताना है। मौके पर जलील अहमद खान, मुनाफात खान, राम उरांव, विजय कुमार एक्का, देवदत्त प्रजापति, मुर्शीद आलम, बुधवा उरांव, पंचायत अध्यक्ष मंजन उरांव, नारायण उरांव, गणपत उरांव, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद अंसारी, यूथ अध्यक्ष तिला उरांव, महिला अध्यक्ष मुन्नी उरांव, किसान मोर्चा अध्यक्ष रिजवान अंसारी, कार्तिक महली, नेसार खान, मोजाहिर अंसारी, जियाउल अंसारी, अकबर खान, प्रवीण पांडे, रोहित प्रजापति, चंद्रदेव उरांव, मंगरा उरांव, मंगल देव टाना भगत, विश्वा उरांव, भोला भगत, मकबूल अंसारी, सिराजुल अंसारी, महेंद्र उरांव, अंग्नु उरांव, तारिक़ खान, दिलावर खान, मजीद अंसारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थें।

# चुनाव हारने के बाद भी जनता की समस्या का समाधान किया, जीतने पर जनता की सेवा में लगा दूंगा पूरे पांच वर्ष : श्रद्धानन्द बेसरा

➲कुरडेग के कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह ही जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी : सुशील श्रीवस्ताव
➲जहां जरूरत पड़ेगी वहाँ पहुंचेंगे छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता : भरत साय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमडेगा विधानसभा के कुरडेग मंडल में भाजपा चुनावी कार्यलाय का उद्घाटन विधिवत पूजन के बाद नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया गया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि चुनावी तैयारी हेतु हर मंडल में चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया जा रहा है।आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान की गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल है गठबंधन सरकार के कार्यकाल में ना तो महिलाओं को चूल्हा भत्ता मिला और ना ही बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता छात्रों को नौकरी भी नहीं मिली किसानों को किसी तरह की सुविधा नहीं मिली सिमडेगा में 5 साल के वर्तमान विधायक के कार्यकाल में सिमडेगा का विकास ठप रहा 5 साल में जनता बिजली ट्रांसफार्मर जल के लिए लोग तरसते रहे, सदर अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से मरीज सिर्फ रेफर होते हैं सिमडेगा कॉलेज में प्रोफेसर की कमी से पढ़ाई प्रभावित है सिमडेगा विधानसभा मैं भाजपा की जीत पर इन सभी कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव हारने के बाद भी लगातार जनता की सेवा का हर संभव प्रयास किया है अब आप सभी से आशीर्वाद की कामना है । मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक भरत साय ने कहा की सिमडेगा विधानसभा में जहाँ भी हमारी जरूरत पड़ेगी हम हर जगह पहुंचेंगे कुरडेग के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर ही लग रहा है जैसे भाजपा की लहर चल रही है और जीत सुनिश्चित है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि गठबंधन सरकार एवं वर्तमान विधायक से सिमडेगा विधानसभा की जनता ऊब चुकी है 5 साल में कोई विकास के कार्य नहीं हुई इसलिए जनता भाजपा को जीतने का मन बना चुकी है पिछले बार बहुत कम अंतर से हम पराजित हुए थे इस बार 15 हजार से अधिक मतों से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा सिमडेगा विधानसभा सीट से विजई हासिल करेंगे। कुरडेग के कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह ही जीत का मार्ग प्रसस्त करेगी। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने चुनावी रणनीतियों पर प्रकाश डालते हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ चुनावी कार्य में पुरा समय देने का आग्रह किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सकल राम बड़ाईक , जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पेंकरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष उमाकांत साय, मंडल महामंत्री रविंद्र शर्मा, बिनोद जैसवाल के साथ सभी मंडल मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ बहुत अधिक संख्या में महिला पुरुष एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

### प्रधानमंत्री मोदी 13 को बिहार के दरभंगा में एम्स का करेंगे शिलान्यास

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को बिहार दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। दरभंगा शहर के भाजपा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि 13 नवम्बर को पीएम मोदी दरभंगा आएंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगे। केंद्र सरकार ने इस अहम परियोजना के लिए फिलहाल 1,261 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया है। दरभंगा एम्स को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बिहार सरकार ने एम्स के लिए 188 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए तीन वर्ष का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दरभंगा एम्स के निर्माण को लेकर बिहार में खूब राजनीति हुई। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद इसके निर्माण पर ग्रहण लग गया था। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को जो जमीन उपलब्ध कराई थी, उसमें एम्स निर्माण से केंद्र ने हाथ खड़े कर दिए थे। बिहार में फिर से राजग की सरकार बनी तो केंद्र सरकार ने उसी जमीन में एम्स के निर्माण में अपनी सहमति दे दी थी।

### भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास विनबैक्स हरियाणा के अंबाला में शुरू

**नई दिल्ली** : वियतनाम और भारतीय सेना का द्विपक्षीय अभ्यास विनबैक्स सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था, जो भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे।

# गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर को बनाएं विजई : कल्पना सोरेन

## आदिवासी सरकार के अपमान का लेना है बदला : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर का जलवा दिखा। गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजित कार्यक्रम के बावजूद कल्पना सोरेन चिनियां व मेराल में आयोजित प्रखंड स्तरीय जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत चिरका आईटीआई के मैदान तथा मेराल हाई स्कूल के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा आयोजित की गई। इस जनसभा में श्रीमती सोरेन ने उपस्थित जनसमूह से प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को ईवीएम में दूसरे नंबर पर स्थित चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने की अपील की। मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई का उपहार देती है। वह झारखंड का पैसा दूसरे राज्यों को भेजती है और झारखंड को अपने अधिकार से



वंचित रखती है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास का काम किया है। उसकी बदौलत हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए हैं। झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम,अगड़ा-पिछड़ा करते रहें और जनता को दिगभ्रमित करते रहें। लेकिन अब इन्हें यहां की जनता समझ चुकी है। आज मंईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी जा रही है। जो आगामी दिसंबर महीने से इस राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार भी झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। मौके पर पार्टी प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कल्पना सोरेन को झारखंड की शेरनी बताया। मंत्री ने कहा कि चिनियां व मेराल की जनसभा में उमड़ी जनसैलाब यह बता रही है कि विधानसभा का चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। गढ़वा के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार विकास के नाम पर मतदान करना है। झूठे एवं फरेबियों को, समाज में जोड़ तोड़ करने वालों को सबक सिखलाना है गरीबों, आदिवासियों की सरकार को अपमानित करने वालों से बदला लेना है। मंत्री ने अपने 5 वर्ष तक किए विकास कार्या की बदौलत मजदूरी के तौर पर आगामी 13 नवंबर को अपने पक्ष में तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की।श्री ठाकुर ने गढ़वा के विकास कार्यों की चर्च करते हुए कहा कि वे चिनियां के चिरका से सड़क मार्ग से चलकर हेलीकॉप्टर के साथ ही मेराल की सभा में शमिल हो गए। जबकि पूर्व में वहां से मेराल पहुंचने में 2 घंटे का समय लगता था। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नितेश सिंह, फरीद खान, माले नेत्री सुषमा मेहता, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव, बनारसी सिंह, सुनैना देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आतिशी ने छठ घाट का किया निरीक्षण



एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ आईटीओ स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया और वहां चल रही तैयारियों का जायज़ा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में छठ महापर्व की तैयारियों में कोई कमी न रहे, इस दिशा में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, विधायक और विभाग शहर भर में छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। छठ का त्यौहार पूर्वांचली भाइयों-बहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। छठी मइया के साथ पूर्वांचली भाइयों-बहनों के साथ-साथ सभी दिल्लीवालों की आस्था भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब से अरविंद केजरीवाल की सरकार बनी है, तब से दिल्ली में छठ महापर्व को जो सम्मान दिया गया है, वो पहले किसी सरकार ने नहीं दिया। 2014 तक पूरी दिल्ली में मात्र 60 जगहों पर दिल्ली सरकार द्वारा छठ घाटों का निर्माण होता था। अब अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली भर में 1000 से ज़्यादा स्थानों पर दिल्ली सरकार द्वारा शानदार छठ घाट बनाये जाते हैं। जहां पूरा इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा देखा जाता है। आतिशी ने कहा,आज मैं आईटीओ स्थित इस छठ घाट पर तैयारियों का निरीक्षण करने आई हूं। ये छठ घाट दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण छठ घाटों में से एक है, जहां लाखों श्रद्धालु छठी मइया की पूजा के लिए आते हैं। उन्होंने ने कहा कि इस क्रम में सारे विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं।

# एमएसए के छात्राओं ने छठ पूजा पर दी मनमोहक प्रस्तुति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खूर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के छात्र - छात्राओं ने छठ पूजा पर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय में बच्चों ने एक छोटा सा घाट बना छठ पूजा पर्व से जुड़ी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्रों ने शिक्षक राहुल पाण्डेय, खुशबू सोनी व स्मृति स्नेहा के गाईडलाइन में पारंपरिक तरीके से छठ पूजा मनाया। बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। अपने प्रस्तुति के माध्यम से छठ पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों में जागरुकता की भावना को विकसित किया। स्कूल संस्थापक शिक्षाविद् मों शफीक अंसारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि



इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में कला और संस्कृति के प्रति उत्साह बढ़ाने की प्रेरणा मिलता है। जिससे उनका मानसिक विकास बहुत ही तेजी से होता है। बच्चों के लिए हमारी सांस्कृतिक कला भी पढ़ाई का एक भाग है। स्कूल के प्राचार्य अफजल शफीक, सुनिता प्रसाद, सुहैल आलम, प्रवीण तिवारी और सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुति पर प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बच्चों की प्रस्तुति से प्रेरणा लेने के लिए लोगों को आग्रह किया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में श्रेया, अनमोल, अमृता, अनुराग, रिया, शंकर, प्राची, सौरभ, रिशू , अनुराधा, आयुष, लक्ष्मी, स्वाति, अभिषेक, अन्नी, अतुल, अनुराग गिरी शामिल थे।

# आगरा के पास वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, जांच के आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी। विमान में पायलट समेत 2 लोग मौजूद थे लेकिन भारतीय वायु सेना के पायलट समेत दोनों लोगों ने खेत में कूदकर जान बचाई। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि मिग-29 विमान के सिस्टम में आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आगरा के पास खराबी आ गई। सुरक्षित तरीके से



बाहर निकलने से पहले पायलट ने विमान को नियंत्रित किया, ताकि जमीन पर जान-माल को कोई नुकसान न पहुंचे। बयान में बताया गया है कि पायलट सहित दोनों लोगों के सुरक्षित कूदने के बाद ल?ाकू विमान उत्तर प्रदेश के आगरा में कागारौल के सोनिगा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान क्रैश होकर खाली खेतों में गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटनास्थल की तस्वीरों में दुर्घटनाग्रस्त विमान से धुएं का गुबार निकलता दिख रहा है और कुछ लोग घटनास्थल पर एकत्र हैं। यह पहली बार नहीं है कि जब मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आग की लपटों में घिर गया हो। इससे पहले 2 सितंबर को राजस्थान के बाड़मेर में एक मिग-29 लड़ाकू विमान तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना से पहले पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में कामयाब रहा। इसी तरह राजस्थान के बाड़मेर सेक्टर में वायु सेना के अड्डे से प्रशिक्षण मिशन पर निकले लड़ाकू विमान में खराबी आ गई और बाड़मेर के उत्तरलाई के पास आबादी से दूर एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त होने के तुरंत बाद उसमें आग लग गई थी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने तीन नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

**रांची:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने निर्देशानुसार देवेन्द्र सिंह बिट्टू, मुनेश्वर उरांव, इसराफिल अंसारी को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने सोमवार को बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में मनिका विधानसभा क्षेत्र से मुनेश्वर उरांव, गोमिया विधानसभा क्षेत्र इसराफिल अंसारी और पांकी विधानसभा क्षेत्र से देवेन्द्र सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुशासनात्मक नियम के क्रमांक 04 के कण्डिका क, ख एवं ड का प्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है।

## भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने किया मोहम्मदगंज का दौरा

# क्षेत्र व राज्य की तरक्की डबल इंजन की सरकार से ही संभव : कमलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने मोहम्मदगंज, शिलापर आदि कई गांव व मोहल्लों का दौरा किया। दौरा के क्रम में ग्रामीणों ने उनका जगह जगह स्वागत किया। कमलेश कुमार सिंह ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश पर काम करने वाली पार्टी है। क्षेत्र व राज्य का विकास डबल इंजन की सरकार से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी जी को मजबूत करने के लिए झारखंड में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास के कार्य और तेज गति से होंगे। श्री



सिंह ने कहा कि सड़क, शिक्षा, सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगे और कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जपला को जिला बनाने के साथ साथ अन्य कार्य खुद ब खुद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो बचे हुए कार्यो को पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने आम लोगों से भाजपा के कमल निशान पर मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा,रामप्रवेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, अजीत सिंह, रूदा सिंह के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# कोयल किनारा छठ हेतु खतरनाक, प्रशासन बनाए व्यवस्था : अरुणा शंकर

## * सामाजिक संगठन अपनी सेवा दल पानी में भी तैनात करे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर कई छठ घाटों का दौरा करते हुए कहा कि कोयल रिवर फंट का तट छठ हेतु काफी पानी होने के चलते उपयुक्त नहीं है। लगभग किनारे में 5 फीट पानी है। जहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन किनारे को बालू देकर ठीक करवाये। साथ ही ब्रैकेटिंग भी करवाये। अन्यथा दुर्घटना होना तय है। प्रथम महापौर ने कहा कि खासकर बच्चों के लिए किनारा काफी खतरनाक है। इसलिए छठ करने वाले लोग स्वयं भी बच्चों का ध्यान रखें। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन गोताखोर का भी इंतजाम रखे। क्योंकि इतनी भीड़ में कोई भी घटना घट सकती है। इस पुनीत अवसर पर शहर के सभी सामाजिक संगठन से भी अनुरोध किया गया है। इस बार कोयल किनारे सजावट के साथ पानी से बचाव हेतु सामाजिक संगठन भी अपनी सेवा दल पानी में अवश्य तैनात करें। ताकि कोई अप्रिय घटना घटने से बचाई जा सके।

**पूजन सामग्री का वितरण प्रथम महापौर के सौजन्य से :** 5 नवंबर दिन मंगलवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से छठ सूप, नारियल, गुड एवं अन्य पूजन सामग्री का वितरण कोयल रिवर फंट के गंगा आरती मंच से दिन के 11 से 2 बजे तक किया जाएगा। प्रथम महापौर ने कहा कि छठ व्रती ज्यादा से ज्यादा संख्या में पूजन सामग्री प्राप्त कर पुण्य कमाने का अवसर प्रदान करें। बता दे की नगर निगम की प्रथम महापौर अरुण शंकर हर वर्ष छठ वृतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण बड़े ही धूमधाम के साथ करती है।

### राज्य में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी दो महीने में होंगे रिटायर

**रांची :** झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

# भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए: उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है, हम अब पूर्व में प्रचलित औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए, जो स्वतंत्रता के बाद की हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हों। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कि हम अब पहले के देवता माने जाने वाले औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। किंग्स वे अब कर्तव्य पथ बन गया है और रेसकोर्स रोड लोक कल्याण मार्ग बन गया है। नेताजी अब उस छतरी के नीचे खड़े हैं, जहां कभी किंग



जॉर्ज की मूर्ति हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज को बदलकर हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल की 1500 प्रतिमाएं अब कानून की किताब में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है। सरकारी अधिकारियों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि अपने प्रशिक्षुओं की भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर अधिक ध्यान दें। सरकारी अधिकारियों के बीच सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है ताकि अधिकारी हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों के संघर्षों को समझ सकें, ऐसी नीतियों को डिजाइन और लागू कर सकें, जो वास्तव में उन चुनौतियों का समाधान करें। लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध पहलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, साथ ही सार्वजनिक सेवा वितरण में उनके नैतिक और जिम्मेदार कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रभावी लोक प्रशासन की आधारशिला निरंतर सीखना और क्षमता निर्माण है। कल्याणकारी उपायों के प्रभाव का आकलन करने के लिए डेटा आधारित और साक्ष्य आधारित अध्ययनों की आवश्यकता पर बल देते हुए धनखड़ ने कहा कि जैसे-जैसे हम शासन के एक नए युग में आगे बढ़ रहे हैं, डेटा को हमारी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सबसे आगे होना चाहिए। विभिन्न कल्याणकारी नीतियों के प्रभाव को समझने के लिए साक्ष्य आधारित अध्ययन आवश्यक हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य पर आधारित आकलन न केवल हमारे संस्थानों की विश्वसनीयता बढ़ाएगा बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बनाएगा।